
RNINo.UPHIN/2016/70293





हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र

# अमित रेखा

वर्ष 05 | अंक 226 | कुशीनगर | गुरूवार 17 जून, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रुपये

### इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों के लिए योगी सरकार का फैसला

# इस साल नहीं बढ़ेगी फीस

***नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि वह अध्यक्ष पद की गरिमा को समझते हुए रोटरेक्ट क्लब गोरखपुर के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों व अन्य सभी महत्वपूर्ण सदस्यों के सुझाव को उनके विचारों को अंगीकृत करते हुए रोटरेक्ट क्लब गोरखपुर को नई ऊंचाइयों पर स्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।***



## ऑपरेशन तमंचा की सफलता का क्रम जारी

गोरखपुर। अवैध तमंचा कारतूस रखने वालों के खिलाफ एडीजी जोन अखिल कुमार के द्वारा चलाय जा रहे अभियान में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है पुलिस अब ऐसे लोगो पर सख्त कार्यवाही करते हुए बदमाशों को जेल भेज रही है एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ रत्नेश सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी गोरखनाथ रामाज्ञा सिंह ने 50 लाख की रंगदारी मांगने वाले बदमाश को अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। रवि कुमार पुत्र विनोद निवासी ककना चकपट्टा ग्रामसभा नंदापार जैतपुर थाना खजनी जो वर्तमान में मोहरीपुर श्यामनगर थाना चिलुआताल में रह रहा था जो अंतरप्रांतीय बदमाश है जिसके ऊपर कई जनपदों में मुकदमा दर्ज है। गोरखनाथ क्षेत्र के ग्रीनसिटी कालोनी के रहने वाले शेख जमील जो कि शहर के एक प्रतिष्ठित ठेकेदार हैं उन्होंने गोरखनाथ थाना पर 50 लाख की रंगदारी मांगने वालों के खिलाफ 2019 में मुकदमा दर्ज करवाया था।

लखनऊ,एजेन्सी। उत्तर प्रदेश सरकार ने यूपी के सभी इंजीनियरिंग और डिप्लोमा कॉलेजों में इस साल फीस वृद्धि पर रोक लगा दी है। हालांकि योगी सरकार ने कोरोना के मद्देनजर उत्पन्न हुए विभिन्न परिस्थितियों को देखते हुए फीस बढ़ोतरी को लेकर कई बड़े फैसले लिए हैं और इसी फैसले से कहीं न कहीं छात्रों को एक बड़ी राहत मिली है। नए सत्र में नहीं होगी फीस बढ़ोतरी सभी बोर्ड के स्कूलों पर लागू होगा। यह आदेश हाल ही में यूपी सरकार ने जारी किया था जिसके मुताबिक, यूपी में शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों से फीस में बढ़ोतरी बताकर किसी प्रकार की अधिक फीस वसूली नहीं की जाएगी। दरअसल, लॉकडाउन और कोरोना कर्फ्यू के बीच ठप हुए लोगों के कारोबार के बीच लोगों को हुई दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार की ओर से यह फैसला लिया गया है. सरकार की ओर से जारी यह आदेश राज्य के सभी बोर्ड से संचालित स्कूलों पर लागू होगा। ऑपरेशन तमंचा की सफलता का क्रम जारी गोरखपुर। अवैध तमंचा कारतूस रखने वालों के खिलाफ एडीजी जोन अखिल कुमार के द्वारा चलाय जा रहे अभियान में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है पुलिस अब ऐसे लोगो पर सख्त कार्यवाही करते हुए बदमाशों को जेल भेज रही है एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ रत्नेश सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी गोरखनाथ रामाज्ञा सिंह ने 50 लाख की रंगदारी मांगने वाले बदमाश को अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। रवि कुमार पुत्र विनोद निवासी ककना चकपट्टा ग्रामसभा नंदापार जैतपुर थाना खजनी जो वर्तमान में मोहरीपुर श्यामनगर थाना चिलुआताल में रह रहा था जो अंतरप्रांतीय बदमाश है जिसके ऊपर कई जनपदों में मुकदमा दर्ज है। गोरखनाथ क्षेत्र के ग्रीनसिटी कालोनी के रहने वाले शेख जमील जो कि शहर के एक प्रतिष्ठित ठेकेदार हैं उन्होंने गोरखनाथ थाना पर 50 लाख की रंगदारी मांगने वालों के खिलाफ 2019 में मुकदमा दर्ज करवाया था। इस सम्बंध में पुलिस विवेचना के दौरान 2020 में गोरखनाथ पुलिस ने एक बदमाश ऋषि यादव को गोरखनाथ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था दूसरे साथी रवि कुमार की पुलिस की तलाश थी जो तब से फरार था पुलिस ने इसको पकड़ने के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया मुखबिर तंत्र की सूचना पर पुलिस ने रवि कुमार को आनन्दलोक हॉस्पिटल के पास से गोरखनाथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान बदमाश के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा 315 बोर का अवैध कारतूस कुछ दस्तावेज पुलिस ने बरामद किया।



**केदारनाथ आपदा 16 जून 2013 वो तारीख, जिसने उत्तराखंड को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आसमानी आफत ने केदार घाटी समेत पूरे उत्तराखंड में बर्बादी के वो निशान छोड़े, जिन्हें अब तक नहीं मिटाया जा सका। आपदा को आठ वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज भी कुछ सवाल जिंदा हैं। क्या इस त्रासदी से आम जनमानस और हमारी सरकारों ने सबक लिया है?**

## 5,000 हेल्थ अस्टिटेंट किए जाएंगे तैयार



नई दिल्ली,(एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सरकार ने 5,000 हेल्थ अस्टिटेंट तैयार करने की एक बहुत महत्त्वाकांक्षी योजना बनाई है। 5,000 युवाओं को 2–2 हफ्ते की ट्रेनिंग दी जाएगी, आईपी यूनिवर्सिटी ये ट्रेनिंग दिलवाएगी। दिल्ली के 9 बड़े मेडिकल इंस्टीट्यूट में बेसिक ट्रेनिंग दी जाएगी। ये 5,000 हेल्थ अस्टिटेंट डॉक्टर और नर्स के अस्टिटेंट के रूप में काम करेंगे। 17 जून से इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है और 28 जून से इनकी ट्रेनिंग शुरू होगी। इसके लिए 12वीं कक्षा पास लोग योग्य हैं।

## बंगाल चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देकर फंसे चक्रवर्ती

कोलकाता,(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान विवादास्पद भाषण को लेकर फंसे अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने आखिरकार कोर्ट की बात मान ली है। मिथुन चक्रवर्ती कोलकाता पुलिस के सामने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए हैं और पुलिस उनसे वर्चुअली पूछताछ की।



कोलकाता पुलिस के अधिकारियों ने मिथुन से करीब 45 मिनट तक पूछताछ की। उनके भाषण को भड़काने वाला बताते हुए माणिकतला में एफआईआर दर्ज की गई थी। माणिकतला पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी में दावा किया गया है कि सात मार्च को भाजपा में शामिल होने के बाद आयोजित रैली में चक्रवर्ती ने श मारबो एकहने लाश पोरबे शोशानेय (तुम्हे मारूंगा तो लाश श्मशान में गिरेगी) और श्एक छोबोले चाबीय (सांप के एक दंश से तुम तस्वीर में कैद हो जाओगे) संवाद बोले, जिसकी वजह से राज्य में चुनाव के बाद हिंसा हुई। मिथुन ने जिस रैली में यह बयान दिया था, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। इससे पहेल चक्रवर्ती ने प्राथमिकी रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में चक्रवर्ती ने दावा किया था कि उन्होंने केवल अपनी फिल्मों के संवाद बोले थे।

## राम मंदिर के कथित घोटाले पर कांग्रेस का तंज

लखनऊ,(एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी ने श्रीराम मंदिर के लिए जमीन खरीद में कथित घोटाले को लेकर सरकार पर हमला बोला है। प्रियंका गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के जज से कराने की मांग की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तंज कसा। लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ट्रस्ट के पाई–पाई का हिसाब देना होगा। प्रियंका ने क्या लिखा? प्रियंका गांधी ने लिखा, श्खबरों के अनुसार श्री राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट द्वारा एक जमीन की खरीदारी में घपला हुआ है। अयोध्या की एक जमीन को 18 मार्च 2021 को दो लोग 2 करोड़ रुपए में खरीदते हैं। 2 करोड़ की यह जमीन सिर्फ 5 मिनट के बाद प्रधानमंत्री द्वारा बनाए गए श्री राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट




की ओर से 18.5 करोड़ रुपए में खरीद ली गई। यानी जमीन की कीमत 5.5 लाख रुपए प्रति सेकंड की दर से बढ़ गई। क्या इस पर कोई विश्वास कर सकता है? मत भूलिए, यह सारा पैसा हिंदुस्तान की जनता द्वारा मंदिर निर्माण के दान और चढ़ावे के रूप में दिया गया था।श गवाहों पर भी सवाल खड़े किए प्रियंका ने लिखा है कि जमीन की खरीद–बिक्री से संबंधित बैनामे और रजिस्ट्री में गवाहों के नाम एक समान हैं। एक गवाह मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं (जो ै के पूर्व प्रांतीय कार्यवाहक रहे हैं) और दूसरे गवाह भाजपा नेता एवं अयोध्या के मेयर हैं। प्रियंका ने लिखा है कि ट्रस्ट के सचिव की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि जमीनों के रेट बढ़ गए हैं इसलिए इतना भुगतान हुआ है। सूचना के अनुसार सर्किल रेट पर भी आकलन करें तो इस क्षेत्र की इतनी जमीन का दाम लगभग 5 करोड़ रुपए होगा। प्रियंका गांधी ने लिखा है कि आज के अखबारों में आई खबरों के अनुसार भी राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने की ओर से भी ट्रस्ट के संचालन में मनमानेपन व अपारदर्शिता का आरोप लगाया गया है। प्रधानमंत्री के बहुत करीबी लोग इसमें ट्रस्टी हैं महासचिव प्रियंका गांधी ने लिखा है कि देश के करोड़ों लोगों ने आस्था और भक्ति से प्रेरित होकर भगवान राम के मंदिर के लिए चढ़ावा दिया। हमारी कई सारी बहनों ने भगवान राम और माता सीता के प्रति श्रद्धा में अपनी जमा पूंजी को उनके चरणों में अर्पित किया। भगवान के चढ़ावे में तो कोई भी हाथ नहीं लगाता। उस चढ़ावे में लोगों की श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था गुंथी होती है।

## पीएम की छवि बचा रही सरकार, लोग चुका रहे जान की कीमतः राहुल

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। देश में कोरोना वायरस संक्रमण अब भी जारी है। कोरोना के खिलाफ लड़ाई को बेहतर तरीके से लड़ने के लिए टीकाकरण अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। हालांकि यह बात भी सच है कि टीकाकरण अभियान को लेकर देश में राजनीति भी चरम पर है। विपक्ष सत्तापक्ष पर लगातार आरोप लगाता रहा है। एक बार फिर से केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कहा कि राहुल गांधी ने कहा कि इस वक्त देश में कोरोना रोधी टीकों की कमी पर



पर्दा डालने के लिए 'भाजपा के चिर परिचित झूठ और नारों' की जरूरत नहीं है, बल्कि त्वरित और संपूर्ण रूप से टीकाकरण करना इस समय की आवश्यकता है। कांग्रेस नेता ने एक खबर का हवाला देते हुए ट्वीट किया, '' भारत को त्वरित और संपूर्ण टीकाकरण की आवश्यकता है, न कि कोरोना रोधी टीकों की कमी पर पर्दा डालने के लिए 'भाजपा के चित परिचित झूठ और नारों' की जरूरत है।'' राहुल गांधी ने आरोप लगाया, '' प्रधानमंत्री की फर्जी छवि बचाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयास से वायरस को मदद मिल रही है और लोगों के जीवन के लिए खतरा पैदा हो रहा है।''

# नीतीश–चिराग की लड़ाई में पिस रही भाजपा

### मौका भुनाने में जुटी राजद

पटना,(एजेंसी)। रामविलास पासवान की पार्टी लोजपा में फिलहाल उनके भाई पशुपति पारस की अगुवाई में 5 सांसदों ने चिराग पासवान के नेतृत्व से बगावत कर दी है। माना जा रहा है कि इस बगावत के पीछे नीतीश कुमार की पार्टी जदयू का बड़ा हाथ माना जा है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार और जदयू को जो नुकसान हुआ वह चिराग पासवान की ही वजह से हुआ। चिराग पासवान नीतीश कुमार को खुली चुनौती देते रहें। यही कारण है कि नतीजों के बाद जदयू चिराग पासवान की पार्टी लोजपा में सेंधमारी की कोशिश करने लगी। वर्तमान परिदृश्य में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर रामविलास पासवान की राजनीतिक विरासत का क्या होगा? चिराग पासवान की राजनीतिक कैरियर पर इसका कितना असर पड़ेगा? भाजपा चिराग पासवान को कितना मदद कर पाएगी? इन सबके बीच एक बात तो सच है कि नीतीश कुमार और चिराग पासवान की लड़ाई में भाजपा को नुकसान उठाना पड़ रहा है। भाजपा वर्तमान परिस्थिति में शांत रहकर सब कुछ देख ही रही



है। लेकिन यह भी सच है कि चिराग पासवान को इतनी आसानी से कोई भी दल इग्नोर नहीं कर पाएगी।

इसका कारण यह है कि हाल में ही बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान हमने देखा कि किस तरह से चिराग पासवान को अच्छा खासा समर्थन हासिल हुआ था। वर्तमान में जदयू को छोड़कर सभी दल चिराग पासवान को अपने पाले में करने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। लेकिन सबसे ज्यादा समस्या भाजपा के लिए है। नीतीश के कारण भाजपा ना चिराग के समर्थन में कुछ बोल सकती है ना उनकी मदद कर सकती है। अगर नीतीश के दबाव में चिराग पासवान को भाजपा छोड़ दें तो गठबंधन में जदयू का दबदबा बढ़ने लगेगा। दूसरी ओर अगर चिराग पासवान को भाजपा छोड़ती है तो लालू यादव और उनकी पार्टी को मजबूत होने का भी मौका मिल सकता है।

भाजपा अभी यही चाहती है कि वह नीतीश और चिराग दोनों को एक साथ लेकर चलें। लेकिन नीतीश और चिराग के बीच में खाई इतनी बड़ी हो गई है कि उसे पाट पाना भाजपा के लिए फिलहाल मुश्किल होता दिखाई दे रहा है। चिराग की वजह से नीतीश कुमार को लगभग 40 सीटों का नुकसान हुआ।

# यूपी की सियासत में भगदड़

लखनऊ,(एजेंसी)। बसपा के पूर्व विधायक समेत भाजपा और अन्य दलों के 21 नेता सपा में शामिल होंगे उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले यहां सियासी हलचल तेज हो गई है। मंगलवार को बसपा के 6 बागी विधायकों ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। इस पर बसपा प्रमुख मायावती भड़क गईं। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए सपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा का चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही दलित विरोधी रहा है। बसपा के निलंबित विधायकों से मिलने का मीडिया में प्रचार करना एक नाटक है। यह यूपी




में पंचायत चुनाव के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख के चुनाव के लिए की गई पैंतरेबाजी से ज्यादा कुछ भी नहीं है। इस बीच गाजियाबाद से बसपा के पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। खबर है कि वे सपा जॉइन करेंगे। इसके अलावा भाजपा और अन्य दलों के 21 नेता भी सपा में शामिल होंगे।

# एक दिवसीय दौरे पर प्रभारी मंत्री पहुंचे अमेठी

अमेठी। एक दिवसीय दौरे पर प्रभारी मंत्री मोहसिन रजा अमेठी पहुंचे जहां अमेठी के शिव प्रताप इंटर कालेज में आयोजित वैक्सिनेशन कार्यक्रम में शामिल हुए इसके बाद कालेज में ही नवजात बच्चों का अन्न प्रासन्न और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की इसके साथ ही लाभार्थियों व समूह की महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किया जहां निकलने के डेढ़पसार गांव पहुंचे जहां बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसके संग्रामपुर ब्लाक पहुंचे जहां पर ब्लाक परिसर में कोविड वैक्सिनेशन सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया जिसके बाद ब्लाक परिसर में वृक्षारोपण किया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की इसके बाद ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और मंच के माध्यम से नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों को बधाई देते हुए विकास योजनाओं को लेकर पूर्व सरकारो पर जमकर तंज कसते नजर आए और बीजेपी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए प्रदेश के योगी सरकार व देश के प्रधानमंत्री की जमकर प्रशंसा की । मीडिया से बात करते हुए मंत्री मोहसिन रजा ने राम मंदिर के चंदे को लेकर शुरू हुए विवाद पर सफाई दी। कहा कि, आज से 28–30 साल पहले जाएं तो एक पार्टी है सपा उसी ने प्रेस कांफ्रेस करवाई थी, ये सब प्रायोजित था। इसी ने तुष्टीकरण और संप्रदायवाद की राजनीति शुरू की। आज जब अदालत के फैसले के अनुसार प्रभु श्रीराम का मंदिर बन रहा है, तो देश के 100 करोड़ लोगों की आस्था के प्रतीक मंदिर के निर्माण में सपा रोड़ा डाल रही है। क्योंकि इनको न लोगों की आस्था से मतलब है, न ही प्रभु श्रीराम में विश्वास है। प्रियंका गांधी के कानून व्यवस्था पर लगातार हमलावर होने पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि उनके लिए मैं क्या कहूं पूरी कांग्रेश चिंता में डूबी हुई है क्योंकि उनके पास अब कुछ बचा नहीं है उनके विचारधारा से लोग उनको छोड़ रहे हैं जो अच्छे जनप्रतिनिधि हैं वह कहां जा रहे हैं या आप सब देख रहे हैं कोई उनके साथ रुकना नहीं चाह रहा इसका मतलब है जो कुछ हुआ देश में 60 साल उसको देश की जनता ना देश के अच्छे नेता पसंद करते थे मजबूरी के तहत थे विकल्प के तौर पर जब नरेंद्र मोदी जैसा एक नेतृत्व मिला और उत्तर प्रदेश को योगी जैसा एक अच्छा नेतृत्व मिल गया तो अब चिंता करने की ना प्रदेश की जनता को जरूरत है और ना देश की जनता को जरूरत है सुरक्षित हाथों में देश है।




## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सौ का लक्ष्य

बांदा,(यूएनएस)। डीएम आनंद कुमार सिंह ने वित्तीय वर्ष 2021–22 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विकास खंडवार लक्ष्य निर्धारित किया है। पालिका,पंचायतों को 20, ब्लाक बबेरू, बड़ोखर, बिसंडा, जसपुरा, कमासिन, महुआ, नरैनी व तिंदवारी को 10–10 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य दिया गया है। पालिका,पंचायतों के ईओ समेत बीडीओ को भेजे गए आदेशों में कहा कि शासन ने योजना के तहत जिले में 100 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य निर्धारित करते हुए 51 लाख का बजट जारी किया है। निर्देश दिए कि सामूहिक विवाह आयोजनों व वैवाहिक जोड़ों के पंजीयन के लिए कार्य योजना तैयार की जाए। इसके लिए सभी धर्मों व समुदायों के लोगों से मिलकर शुभ मुहूर्त आदि की जानकारी प्राप्त कर सामूहिक विवाह का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। सामूहिक विवाह का कार्यक्रम तहसील व विकास खंड कार्यालयों में आयोजित किया जाएगा। हर जोड़े की शादी में सरकार 51 हजार रुपये खर्च करेगी। 31 हजार रुपये कन्या के खाते में भेजे जाएंगे। शेष राशि से अन्य आयोजन होंगे। पालिकाध पंचायत व बीडीओ से कहा कि जोड़ों के पंजीयन की सूचना समाज कल्याण अधिकारी को दी जाए।

## जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव तीन तक होगा

बांदा,(यूएनएस)। ग्राम पंचायतों के गठन के बाद अब जिला पंचायत के गठन की कवायद शुरू हो गई। गवर्नर ने जिला पंचायतों में अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने डीएम को भेजे आदेशों में कहा कि गवर्नर ने राज्य निर्वाचन आयोग से परामर्श कर जिला पंचायत अध्यक्ष पदों के सामान्य निर्वाचन 2021 के लिए 15 जून से 3 जुलाई तक की तिथि नियत की है। उधर, जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ ही चुनावी बिसात बिछने लगी है। 30 सदस्यों वाली जिला पंचायत में किसी भी राजनीतिक दल का बहुमत नहीं है। बसपा के 11, भाजपा के 7, सपा के 5 और निर्दलीय 7 जिला पंचायत सदस्य है। भाजपा व बसपा जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने के लिए निर्दलीय की टकटकी लगाए है। बसपा को निर्दलीय को समर्थन मिलता है तो उसके पास बहुमत से अधिक सदस्य होंगे। भाजपा को निर्दलीय सहयोग लेने के बाद भी एक सदस्य की और जरूरत पड़ेगी। बसपा व सपा का गठजोड़ होता है उन्हें की और सदस्य की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## चार थानेदार और 17 दरोगाओं के कार्य क्षेत्र बदले

उरई/जलौन,(यूएनएस)। एसपी डा. यशवीर सिंह ने जिले में तैनात निरीक्षक, उपनिरीक्षक व आरक्षियों को इधर से उधर किया है। पुलिस कार्यालय से जारी सूची के अनुसार चार प्रभारी, 17 उपनिरीक्षक व 27 पुलिसकर्मियों की तैनाती में फेरबदल किया है। नदीगांव थाना में तैनात प्रभारी निरीक्षक रुपकृष्ण त्रिपाठी को कालपी कोतवाली प्रभारी बनाया गया है। कालपी कोतवाली प्रभारी रहे रामकरन सिंह को नदीगांव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिरसाकलार थाना प्रभारी अशोक कुमार वर्मा को डकोर कोतवाली का प्रभार सौंपा गया है। जबकि डकोर में तैनात अजय कुमार को सिरसाकलार थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं उपनिरीक्षक रविशंकर को एट से आटा, राजकुमार निगम को कांशीराम चौकी से नदीगांव थाना, अमर सिंह को पुलिस लाइन से कांशीराम कालोनी, गजेंद्र प्रताप सिंह को जेल चौकी से थाना कुठौंद, बस स्टैंड चौकी प्रभारी हरीराम सिंह को टरननगंज कालपी चौकी प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह शहर के डिप्टीगंज चौकी प्रभारी विजय दिवेदी को थाना सिरसाकलार, पुलिस लाइन से अशोक कुमार सिंह को ज्ञानभारती चौकी, संतोष कुमार शुक्ला को पुलिस लाइन से डिप्टीगंज चौकी प्रभारी, अमित प्रताप सिंह को चौकी ज्ञानभारती से जेल चौकी प्रभारी, गोकुल सिंह को हदरुख चौकी से थाना एट, रानीदेवी को प्रभारी शक्ति मोबाइल से महिला थाना और मधु यादव को पुलिस लाइन से प्रभारी शक्ति मोबाइल प्रभारी बनाया गया है। कुलवंत यादव को पुलिस लाइन से थाना डकोर, दिलीप कुमार को पुलिस लाइन से कोतवाली उरई, रघुनंदन सिंह को पुलिस लाइन से महिला थाना, विनोद कुमार सिंह को पुलिस लाइन से बस स्टैंड चौकी प्रभारी, दामोदर सिंह को थाना आटा से हदरुख चौकी भेजा गया है।

## तीन निकले संक्रमित, एक्टिव केस 64

उरई/जलौन,(यूएनएस)। जिले में मंगलवार की रात आई जांच रिपोर्ट में तीन व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 11518, सक्रिय 64 और मौतें 190 हैं। सीएमओ ने बताया कि सभी संक्रमितों के संपर्क के लोगों के सैंपल लेकर उनके घरों के आसपास सैनिटाइजेशन कराया जाएगा।

## नवागंतुक ए आर एम ने हमीरपुर डिपो का पदभार संभाला

हमीरपुर । सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेंद्र सिंह यादव के क्षेत्रीय चेकिंग दल में शामिल होने पर आज उनको माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी गई।वही उनके स्थान पर कानपुर से आए सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अकील अहमद खां को पदभार ग्रहण करने पर डिपो कर्मचारियों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया! इस अवसर पर एक कार्यक्रम हमीरपुर डिपो के कर्मचारियों द्वारा आयोजित किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, भाजपा जिला अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता, जिला महामंत्री गणेश यादव, जिला मंत्री लक्ष्मी रतन साहू आदि गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए! हमीरपुर डिपो के रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शिव शरण सिंह ने बताया कि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेंद्र सिंह यादव को क्षेत्रीय चेकिंग दल में शामिल किया गया है इसके अलावा उनके पास राठ डिपो का सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक का चार्ज भी रहेगा ! वही कानपुर से आए सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अकील अहमद खां के पदभार ग्रहण करने पर रोडवेज कर्मचारी संघ ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया! इस अवसर पर नवागंतुक ए आर एम अकील अहमद खा ने कहा कि सभी कर्मचारियों के सहयोग से हमीरपुर डिपो की दशा सुधारने का कार्य किया जाएगा! कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के मंत्री आर एस गौतम, पूर्व शाखा प्रबंधक अतुल श्रीवास्तव, पूर्व क्षेत्रीय मंत्री तारिक हुसैन, धर्मेंद्र सचान, आलोक तिवारी, अंकित सचान, अंकित यादव, नेत्रपाल सिंह, मोहनलाल, अमित अवस्थी, वंश गोपाल,सलीम मुहम्मद सहित बड़ी संख्या में चालक परिचालक मौजूद रहे।



## नाम से आगे नहीं बढ़ सका रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग

बांदा,(यूएनएस)। जल संकट से उबरने के लिए रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति बेहतर तो है, लेकिन जिले के अफसरों की लापरवाही के चलते इसमें दो फीसदी भी काम नहीं हुआ है। मामले में प्रदेश सरकार भी संजीदा है, लेकिन जिले के सरकारी व अर्द्धशासकीय भवनों में फिलहाल कोई संजीदगी वाला काम नहीं हो सका है। इस पद्धति में बरसात के पानी को छत से उतारा जाता है, ताकि भूगर्भ जलस्तर में सुधार हो सके। जिले में 1874 सरकारी व अर्द्धशासकीय भवन है। प्रदेश सरकार ने जल संकट को देखते हुए पिछले वर्ष लघु सिंचाई विभाग को रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराए जाने की जिम्मेदारी दी थी, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से महज 20 भवनों में ही रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराया गया है। अधीक्षण अभियंता लघु सिंचाई वृत झांसी ने गत दिनों जूम एप के माध्यम से की गई समीक्षा में जनपद की प्रगति सही न होने पर नाराजगी जाहिर की थी। अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई विभाग को भेजे गए आदेशों में दो दिन के अंदर अवशेष सरकारी व अर्द्धशासकीय भवनों के क्षेत्रफल के अनुसार प्राकलन तैयार कराकर संबंधित विभाग को उपलब्ध कराने और तकनीकी सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए थे। यह भी कहा था कि यदि कोई सरकारी व अर्द्धशासकीय भवन छूट गया है तो उसे भी सूची में शामिल करें। योजना भारत सरकार के मुख्य एजेंडे में शामिल है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं जाएगी। संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उधर, अधीक्षण अभियंता के आदेशों के बाद अधिशासी अभियंता ने रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना के लिए विकास खंडवार सात अवर अभियंता व दो सहायक अभियंताओं को जिम्मेदारी सौंपी है।

## चोरों ने मोंबाइल की दुकान से हजारों का माल उड़ाया

उरई/जलौन,(यूएनएस)। चोरों मोबाइल की दुकान से हजारों रुपये के मोबाइल और बीस हजार रुपये नगद पार कर दिए। दुकानदार ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है, जल्द ही खुलासा भी होगा। जवाहर नगर निवासी मोहित गुप्ता की मेन रोड स्थित मकान में मोबाइल की दुकान है। वह मंगलवार की शाम दुकान बंद कर दूसरे मकान में चले गए। बुधवार की सुबह मोहित ने दुकान खोली तो सामान बिखरा पड़ा मिला।

## बीजेपी के जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी हथियाने हेतु कसी कमर

प्रतापगढ़। जिला पंचायत अध्यक्ष के पद के चुनाव की घोषणा के बाद भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक नगर के मीरा भवन स्थित लीला पैलेस में जिला अध्यक्ष भाजपा हरिओम मिश्रा की अध्यक्षता में व उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह,सांसद संगम लाल गुप्ता,रानीगंज विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा,सदर विधायक राजकुमार पाल की मौजूदगी में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को जिताने को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक में चुनाव की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में रानीगंज विधायक धीरज ओझा ने कहा कि यह चुनाव परोक्ष है, इसे अपरोक्ष रुप लडा जाय। यह चुनाव सत्ता का होता है और केंद्र से लेकर उत्तर प्रदेश तक भाजपा की सत्ता है। ऐसे में लोग यह ना सोचे कि कोई भी किसी भी सदस्य को बहला–फुसलाकर या धन बल पर अपने पाले में कर लेगा। सदर विधायक राजकुमार पाल ने कहा कि इस बार जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी होगा। 20 सालों से पेड रूप में कार्य कर रहे अध्यक्ष को बाहर का रास्ता दिखाने में सदर की भूमिका अहम होगी। सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहां की भारतीय जनता पार्टी के साथ 40 जिला पंचायत सदस्य हैं और इस बार चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का ही अध्यक्ष होगा इसे कोई रोक नहीं सकता है। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह ने कहा कि इस बार जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए धनबल और बाहुबल का जोर नहीं चलेगा पूर्ण निष्पक्ष और ईमानदारी के साथ चुनाव होगा और इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का ही प्रत्याशी अध्यक्ष बनेगा क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के साथ पूर्ण बहुमत में जिला पंचायत सदस्यों का भरपूर समर्थन लगातार मिल रहा। उन्होंने कहां की कोई यह न सोचे कि हम धनबल और बाहुबल के बल पर अध्यक्ष की कुर्सी पर कब्जा जमा लेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से शिव प्रकाश मिश्रा सेनानी, क्षमा सिंह, पूनम इंसान, इंद्रदेव तिवारी, जगत पासी रामसिंह, देव दत्त शुक्ला, अनुराग मिश्रा जिला मंत्री, पवन गौतम जिला महामंत्री, अशोक मिश्रा, अभिषेक वैश्य, पिंटू तिवारी, नागेश सिंह छोटे सरकार, राजन मिश्र, भूपेंद्र पांडे, विजय तिवारी सहित कई गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छ पानी के लिए हर गांव में योजना

उरई/जलौन,(यूएनएस)। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अंतर्गत नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा कुरसेडा, पाइप पेयजल योजना का विधायक मूलचंद निरंजन व एडीएम नमामि गंगे प्रतिपाल सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। विधायक ने कहा कि नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा विधानसभा क्षेत्र में 62 टंकी, ट्यूबवेल की स्थापना की जाएगी। जिले में 257 नलकूप पांच परियोजना का भी कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा है कि प्रत्येक ग्रामीण को स्वच्छ पानी मिले। इसलिए गांव गांव टंकी, ट्यूबवेल की स्थापना की जा रही है। कुरसेड़ा में डेढ़ लाख लीटर क्षमता वाली टंकी का लागत 1. 97 लाख रुपये आएगी। जो 600 परिवारों को स्वच्छ पानी देगी। एडीएम नमामि गंगे प्रतिपाल सिंहचौहान ने कहा कि साढ़े आठ किमी के दायरे में लाइन विदेशी। जो प्रति व्यक्ति 55 लीटर पानी मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना शुरू होने से लोगों को स्वच्छ पानी मिलेगा, जिससे लोग निरोग एंव स्वस्थ रहेगें। इस दौरान जेई जल निगम अजय सक्सेना, एसएन दुबे, विनय तिवारी, रजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### नए पाठयक्रम शुरू

अलीगढ़,(यूएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के इच्छुक छात्रों के पास आगामी शैक्षणिक सत्र में और अधिक अवसर होंगे क्योंकि अमुवि में स्नातक, स्नातकोत्तर, स्नातकोत्तर डिप्लोमा तथा डिप्लोमा स्तरों पर नए पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इन पाठयक्रमों में एमएससी (बागबानी) फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केप आर्किटेक्चर और एमएससी (कृषि) कृषि विज्ञान संकाय में एग्रोनोमीय एमए कुरानिक अध्ययन, कला संकायय डिप्लोमा इन कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकायय एमए अंतर्राष्ट्रीय राजनीति, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संकायय ऑप्टोमेट्री, ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी, डायलिसिस थेरेपी टेक्नोलॉजी, मेडिकल रेडियोलॉजी तथा इमेजिंग टेक्नोलॉजी, मेडिकल लेबोरेटरी साइंसेज तथा फिजियोथेरेपी में विशेषज्ञता के साथ बीएससी नर्सिंग इन पैरामेडिकल कोर्सेजय फैकल्टी आफ मेडिसिनय एमएससी डेटा साइंस तथा एमएससी साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फोरेंसिक्स, विज्ञान संकाय शामिल हैं। ज्ञात हो कि सेंटर ऑफ प्रोफेशनल कोर्सेज के अन्तर्गत जो नये पाठयक्रम शामिल किये जा रहे हैं उनमें डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन, डिप्लोमा इन एनिमेशन एंड मल्टीमीडिया, डिप्लोमा इन वाउंड केयर एंड ड्रेसिंग, डिप्लोमा इन नर्सिंग (यूनानी) तथा डिप्लोमा इन ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर तकनीक भी शामिल हैं।उक्त केंद्र द्वारा पीजी डिप्लोमा इन बिजनेस एथिक्स एंड ह्यूमन राइट्स, पीजी डिप्लेमा इन बिजनेस एनालिटिक्स, पीजी डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन इंटरनेशनल बिजनेस, पीजी डिप्लोमा इन एक्चुरियल साइंसेज, पीजी डिप्लोमा इन बिजनेस एंड कम्प्यूटेशनल मैथमेटिक्स, पीजी डिप्लोमा इन कॉरपोरेट लाज एण्ड इंडस्ट्रीयल रिलेशंस, पीजी डिप्लोमा इन फूड टेक्नालोजी (प्रोसेसिंग एण्ड प्रीजसर्वेशन, पीजी डिप्लोमा इन इनवेस्टमेंट मैनेजमेंट तथा पीजी डिप्लोमा इन ऐसेट्स वेल्यूऐशन (प्लांट एण्ड मशीनरी) भी प्रारंभ किये जा रहे हैं।

### स्कूलों में प्रवेश के लिए तिथि में विस्तार

अलीगढ़,(यूएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों में कक्षा 1, 6 तथा 9 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि विलम्ब शुल्क के साथ 30 जून तक बढ़ा दी गई है। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के एक नोटिस के अनुसार प्रवेश परीक्षा की तारीखों को अलग से अधिसूचित किया जाएगा। जिसकी जानकारी वेबसाइट www-amucontrollereÛams-com पर उपलब्ध करा दी जायेगी।

### समन्वयक नियुक्त

अलीगढ़,(यूएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डाक्टर एस रेशमा जमाल को आगामी दो वर्षों के लिये स्टूडेंट्स काउसिलिंग सेंटर का समन्वयक नियुक्त किया गया है।

### सर्पदंश से अधेड़ की हालत गंभीर

ऊंचाहार/रायबरेली । कोतवाली क्षेत्र के पुरबारा गांव में खेत में काम कर रहे अधेड़ को सांप ने डस लिया, जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मंगलवार की सुबह गांव निवासी रामसुमेर 55 वर्ष खेतों में मेड़ की सफाई कर रहा था तभी खरपतवार में मौजूद सांप ने उसे काट लिया ,जिससे वो मौके पर ही अचेत हो गया और उसकी हालत बिगड़ गई, परिजनों द्वारा उसे अचेत अवस्था में आनन फानन इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ एम के शर्मा ने बताया कि सर्पदंश से अचेत होकर अधेड़ सीएचसी आया था जिसका इलाज किया गया है।

### जमीनी विवाद को ले सगे भाइयों के बीच मारपीट

ऊंचाहारध्रायबरेली । क्षेत्र के जसौली गांव में जमीन बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों के बीच हुई मारपीट में दोनों पक्षों से बुजुर्ग महिला समेत चार लोग घायल हो गए, सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है और मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया है। गांव निवासी मो सईद व मो राशिद दोनों सगे भाई है और मंगलवार की सुबह दोनों भाईयों के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद हो गया, और थोड़ी ही देर में दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई और लाठी डंडे से दोनों पक्षों ने एक दूसरे को मारपीट कर घायल कर दिया, जिसमें एक पक्ष से मो कौनेन 20 वर्ष व मो कौसेन 30 वर्ष व दूसरे पक्ष से नसिरुन 80 वर्ष व उनकी पुत्री बीबी 40 वर्ष घायल हुई हैं, सभी घायलों को परिजनों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ एम के शर्मा ने बताया कि मारपीट में घायल होकर चार लोग सीएचसी आये थे जिनका इलाज किया गया है। कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

### छेड़छाड़ के आरोपी को भेजा जेल

ऊंचाहारध्रायबरेली । कोतवाली क्षेत्र के पयागपुर नदौरा ग्राम पंचायत की किशोरी ने गांव के ही युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कोतवाली मे रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामला क्षेत्र के पयागपुर नदौरा का है।

# वॉर्नर, मैक्सवेल, कमिंस समेत 7 ऑस्ट्रेलियाई IPL खिलाड़ी विंडीज-बांग्लादेश दौरे से बाहर

*राष्ट्रीय चयनकर्ता ट्रेवर होंस ने कहा कि इन खिलाड़ियों के उपलब्ध नहीं होने से वे निराश हैं लेकिन उनके फैसले का सम्मान करते हैं। टीम 28 जून को वेस्टइंडीज रवाना होगी।*

मेलबर्न। आईपीएल में खेलने वाले ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष सात क्रिकेटरों ने वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के सीमित ओवरों के दौरे से नाम वापिस ले लिया है। ये दोनों दौरे साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिये अहम माने जा रहे हैं। डेविड वॉर्नर, पैट कमिंस, ग्लेन मैक्सवेल, झाय रिचर्डसन, केन रिचर्डसन, मार्कस स्टोइनिस और डेनियल सैम्स ने विभिन्न कारणों से इस दौरे से बाहर रखे जाने का अनुरोध किया है जबकि स्टीव स्मिथ को कोहनी की चोट से उबरने के लिये आराम दिया गया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने एक बयान में यह जानकारी दी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने दोनों दौरों के लिये बुधवार को 18 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। आस्ट्रेलियाई टीम नौ से 24 जुलाई के बीच पांच टी20 और तीन वनडे खेलेगी। बांग्लादेश के पांच टी20 मैचों के दौरे की अभी पुष्टि नहीं हुई है। कमिंस, मैक्सवेल, वॉर्नर, स्टोइनिस और रिचर्डसन आईपीएल स्थगित होने के बाद पिछले महीने ही होटल में पृथकवास से निकले हैं। इससे पहले वे एक सप्ताह मालदीव में थे क्योंकि भारत से यात्रा पर आस्ट्रेलिया ने प्रतिबंध लगा दिया था। जासन बेहरेनडोर्फ, मोइजेस हेनरिक्स और रिले मेरेडिथ आईपीएल टीमों का हिस्सा होने के बावजूद दौरे पर जाने को तैयार हो गए हैं। राष्ट्रीय चयनकर्ता ट्रेवर होंस ने कहा कि इन खिलाड़ियों के उपलब्ध नहीं होने से वे निराश हैं लेकिन उनके फैसले का सम्मान करते हैं। टीम 28 जून को वेस्टइंडीज रवाना होगी। आस्ट्रेलिया टीम रू आरोन फिंच (कप्तान), एश्टोन एगर, वेस एगर, जासन बेहरेनडोर्फ, एलेक्स कारी, डेन क्रिस्टियन, जोश हेजलवुड, मेइजेस हेनरिक्स, मिशेल मार्श, बेन मैकडरमोट, रिले मेरेडिथ, जोश फिलीप, मिशेल स्टार्क, मिशेल स्वीपसन, एश्टोन टर्नर, एंड्रयू टाइ, मैथ्यू वेड, एडम जाम्पा। ?रिजर्व रू नाथन एलिस्स, तनवीर संघा।



## तोक्यो ओलंपिक में पदक के पांच प्रबल दावेदारों में भारत: पूर्व हॉकी कोच ओल्टमेंस

*भारतीय टीम ने पिछले दो साल में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।'' उन्होंने हालांकि दबाव के हालात में अनावश्यक दहशत से बचने की ताकीद की।*




नयी दिल्ली। पूर्व मुख्य कोच रोलेंट ओल्टमेंस का मानना है कि भारतीय टीम जुलाई अगस्त में होने वाले तोक्यो ओलंपिक में पदक के पांच प्रबल दावेदारों में से होगी। ओलंपिक से पहले हॉकी इंडिया की पॉडकास्ट सीरिज ' हॉकी पे चर्चा' में ओल्टमेंस ने कहा कि तोक्यो में मानसिक दृढ़ता किसी भी टीम की कामयाबी की कुंजी होगी। उन्होंने कहा ,'' मेरी नजर में भारत तोक्यो में पदक के शीर्ष पांच दावेदारों में से है। भारतीय टीम ने पिछले दो साल में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।'' उन्होंने हालांकि दबाव के हालात में अनावश्यक दहशत से बचने की ताकीद की। उन्होंने कहा ,' भारतीय टीम बता ही चुकी है कि वह आस्ट्रेलिया, बेल्जियम और नीदरलैंड को हरा सकती है। ओलंपिक में ऐसा करना हालांकि अलग बात है। ऐसे में निर्णायक पहलू टीम की मानसिकता होगी।'' डच कोच ने कहा ,'' मैच में पिछड़ने पर घबराना नहीं है या बढत लेने पर अधिक रोमांचित नहीं हो जाना है। हालात पर नियंत्रण करके खेलना होगा।'' उन्होंने कहा कि तोक्यो में मौसम का मिजाज भी अहम होगा। उन्होंने कहा ,'' शारीरिक फिटनेस के मामले में दुनिया की सभी टीमें बराबरी पर हैं लेकिन मौसम भारत के अनुकूल होगा क्योंकि भारतीयों को इस तरह के मौसम में खेलने की आदत है। यूरोपीय टीमों को मौसम गर्म लगेगा।'' ओल्टमेंस रियो ओलंपिक 2016 में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची भारतीय टीम के कोच थे। उन्होंने कहा कि टीम ने उसके बाद से काफी सुधार किया है। भारतीय हॉकी टीम ने 1980 के बाद से ओलंपिक में पदक नहीं जीता है।

## पीएसएल मैच के दौरान आपस में भिड़े शाहीन अफरीदी और सरफराज

*शाहीन अफरीदी और सरफराज अहमद पीएसएल के दौरान आपस में भिड़े।यह घटना क्वेटा की पारी के 19वें ओवर की है जब सरफराज के हेलमेट पर अफरीदी का एक बाउंसर लगा जिसे अंपायर ने नो बॉल करार दिया।गेंद हेलमेट से टकराकर थर्डमैन पर गई और सरफराज ने रन ले लिया।*

कराची। पूर्व कप्तान सरफराज अहमद और बायें हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के बीच अबु धाबी में लाहौर कलंदर्स और क्वेटा ग्लेडिएटर्स के बीच पीएसएल के मैच के दौरान तीखी बहस हो गई। लाहौर के कप्तान सोहेल अख्तर और सीनियर बल्लेबाज मोहम्मद हाफिज के साथ अंपायरों को उन्हें अलग करना पड़ा। यह घटना क्वेटा की पारी के 19वें ओवर की है जब सरफराज के हेलमेट पर अफरीदी का एक बाउंसर लगा जिसे अंपायर ने नो बॉल करार दिया।गेंद हेलमेट से टकराकर थर्डमैन पर गई और सरफराज ने रन ले लिया। दूसरे छोर पर पहुंचने के बाद उन्होंने अफरीदी से कुछ कहा। अफरीदी को उनकी बात नागवार गुजरी और वह अपने रनअप से आक्रामक अंदाज में उनकी तरफ बढे। तनाव बढता देख अंपायर को दखल देना पड़ा। हफीज और अख्तर भी दौड़कर उनके पास आये। हफीज ने सरफराज से शांत होने को कहा और कहा कि अफरीदी ने कहा कि खेल के मैदान पर यह होता रहता है। इस घटना से सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कुछ ने अफरीदी के आक्रामक रवैये और सीनियर खिलाड़ी के प्रति बर्ताव की आलोचना की तो कुछ ने उसे सही ठहराया।



## सेंसेक्स, निफ्टी नई ऊंचाई पर

मुंबई। बीएसई संसेक्स मंगलवार को 221 अंक की बढ़त के साथ 52,773 की नई ऊंचाई पर बंद हुआ। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लि. में तेजी से बाजार को मजबूती मिली। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 221.52 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,773.05 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 57.40 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,869.25 के रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में करीब 3 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में एशियन पेंट्स का शेयर रहा।



इसके अलावा एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक में भी अच्छी तेजी रही। दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, डा. रेड्डीज, टाइटन, सन फार्मा, बजाज फाइनेंस और पावर ग्रिड समेत कुछ अन्य शेयर नुकसान में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में तोक्यो और सोल में तेजी रही जबकि शंघाई और हांगकांग गिर कर बंद हुए । यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0. 32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73.09 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे फिसलकर 73. 31 पर बंद हुआ।

## पीएफसी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में कई गुना उछलकर 3,906 करोड़ रुपये पहुंचा

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च 2021 को समाप्त तिमाही में कई गुना बढ़कर 3,906.05 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। पीएफसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019–20 की इसी तिमाही में कंपनी को 693.71 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। पीएफसी की कुल आय 2020–21 की जनवरी–मार्च तिमाही में 18,155.14 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 2019–20 की इसी तिमाही में 16,254.65 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2020–21 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 15,716.20 करोड़ रुपये रहा जो इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019–20 में 9,477. 25 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आय आलोच्य वित्त वर्ष में बढ़कर 71,700.51 करोड़ रुपये रही जो इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019–20 में 61,275.36 करोड़ रुपये थी। पीएफसी के निदेशक मंडल ने 2020–21 के लिये 10 रुपये अंकित मूल्य के शेयर पर 2 रुपये प्रति इक्विटी का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। कंपनी ने मार्च 2021 में 8 रुपये प्रति शेयर अंतरिम लाभांश देने की सिफारिश की थी। महामारी के बारे में कंपनी ने कहा कि दूसरी लहर का उसके कामकाज और वित्तीय स्थिति पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ेगा।




केंद्र सरकार द्वारा घोषित आत्मनिर्भर डिस्कॉम (वितरण कंपनी) नकदी समर्थन के तहत पीएफसी और उसकी अनुषंगी आरईसी ने संयुक्त रूप से अबतक 1,34,782 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं, जबकि 78,855 करोड़ रुपये वितरित किये जा चुके हैं।

## संक्षिप्त

### अंकित चव्हाण की हुई क्रिकेट में वापसी, BCCI ने हटाया प्रतिबंध

मुंबई। वर्ष 2013 के स्पॉट फिक्सिंग मामले में प्रतिबंध खत्म होने के बाद बीसीसीआई से खेलने की मंजूरी मिलने पर मुंबई के पूर्व बायें हाथ के स्पिनर अंकित चव्हाण ने कहा कि कोरोना महामारी और मानसून के बावजूद वह मैदान पर उतरने को बेताब हैं। पैतीस वर्ष के अंकित को बीसीसीआई ने मंगलवार को फिर से खेलने की अनुमति दे दी। अंकित ने कहा ,''यह प्रतिबंध ा सितंबर 2020 को ही खत्म हो गया था। अब मैं कुछ भी खेलने को तैयार हूं। मुझे मैदान पर उतरने का इंतजार है।'' उन्होंने कहा ,'' कोरोना महामारी और मानसून के कारण मैदान बंद होंगे लेकिन जब भी मैदान पर उतरने का मौका मिलेगा, मैं इंतजार कर रहा हूं।' उस श्रीसंत के साथ उन पर 2013 के आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग मामले में शामिल होने के कारण आजीवन प्रतिबंध लगाया गया था। पिछले साल बीसीसीआई के लोकपाल जस्टिस (सेवानिवृत) डी के जैन ने श्रीसंत और अंकित पर लगा आजीवन प्रतिबंध घटाकर सात साल का कर दिया था।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने हंगरी के खिलाफ तोड़े रिकॉर्ड

बुडापेस्ट। क्रिस्टियानो रोनाल्डो यूरोपीय फुटबॉल चौम्पियनशिप में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए और उनके दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने हंगरी को मंगलवार को 3 . 0 से हरा दिया। रोनाल्डो ने 87वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट पर गोल किया और फिर इंजुरी टाइम में दूसरा गोल दागा। यह पूरी संख्या में दर्शकों के बीच खेला जाने वाला यूरो 2020 का पहला मैच था। पुस्कास एरेना में 67215 दर्शक मौजूद थे जिनमें से अधिकांश हंगरी के समर्थक थे। हंगरी ही दस मेजबान देशों में अकेला है जिसने शत प्रतिशत दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दी है। युवेंटस के फॉरवर्ड रोनाल्डो की यह पांचवीं यूरो चौम्पियनशिप है जिन्होंने 2004 में पहली बार खेला था। उनके माइकल प्लातिनी के समान नौ गोल थे लेकिन 87वें मिनट में उन्होंने रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। 36 वर्ष के रोनाल्डो लगातार पांच यूरो चौम्पियनशिप में गोल करने वाले अकेले खिलाड़ी बन गए। पुर्तगाल के लिये पहला गोल डिफेंडर रफेल गुरेइरो ने तीसरे मिनट में दागा।

### ऑस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन को यकीन, भारत जीतेगा टेस्ट चैंपियनशिप

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान टिम पेन को यकीन है कि पहले विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर भारत विजयी होगा। दुनिया की शीर्ष दो टेस्ट टीमें 18 जून से साउथम्पटन में फाइनल खेलेंगी। पेन ने ब्रिसबेन में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मेरा अनुमान है कि भारत आसानी से जीत जायेगा बशर्ते वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।'' पेन ने न्यूजीलैंड और भारत दोनों के खिलाफ आस्ट्रेलिया की कप्तानी की है। उन्होंने 2019 में न्यूजीलैंड को 3 . 0 से हराया जबकि 2020 में भारत के हाथों 1 . 2 से पराजय का सामना किया। न्यूजीलैंड ने फाइनल से पहले इंग्लैंड को टेस्ट श्रृंखला में 1 . 0 से हराया है लेकिन पेन का कहना है कि प्रमुख खिलाड़ियों के बिना उतरी इंग्लैंड टीम पर मिली जीत मायने नहीं रखती। इंग्लैंड टीम में बेन स्टोक्स, क्रिस वोक्स , मोइन अली, जोस बटलर, जोफ्रा आर्चर और विकेटकीपर बेन फोक्स नहीं थे। पेन ने कहा ,'' न्यूजीलैंड की टीम अच्छी है लेकिन इंग्लैंड की यह सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं थी। एशेज में हमें उनकी सर्वश्रेष्ठ टीम देखने को मिलेगी।

### विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप फाइनल के लिए टीम इंडिया का ऐलान, जानें किन खिलाड़ियों को मिली जगह

साउथम्पटन। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन टेस्ट में भारतीय जीत के नायकों में से एक शारदुल ठाकुर की जगह अनुभवी उमेश यादव को न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप के फाइनल के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उमेश, मोहम्मद शमी और हनुमा विहारी चोटिल हो गये थे। आईसीसी के टीम प्रोटोकॉल के अनुसार विराट कोहली की अगुवाई में घोषित टीम में इन तीनों ने वापसी की है। यह मैच 18 जून से यहां खेला जाएगा। शारदुल के अलावा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अंतिम 11 में शामिल रहे मयंक अग्रवाल और वाशिंगटन सुंदर को भी 15 सदस्यीय टीम से बाहर रखा गया है। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के नायक अक्षर पटेल भी इसमें जगह बनाने से चूक गए। भारतीय टीमरू विराट कोहली (कप्तान) शुभमन गिल, रोहित शर्मा, चेतेश्वर पुजारा अजिंक्य रहाणे, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, इशांत शर्मा, मोहम्मद सिराज, रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), उमेश यादव, हनुमा विहारी।

### भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस ने 2020-21 में 3,183 करोड़ रुपये की प्रीमियम आय अर्जित की

मुंबई। गैर–जीवन बीमा कंपनी भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस ने सोमवार को कहा कि वित्त वर्ष 2020–21 में उसकी सकल लिखित प्रीमियम (जीडब्ल्यूपी) मामूली रूप से 0.82 प्रतिशत बढ़कर 3,183 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के दौरान 3,157 करोड़ रुपये थी। भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस एक बयान में कहा कि समीक्षाधीन अवधि में उसका कर पश्चात लाभ 120 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव श्रीनिवासन ने कहा, "कोविड–19 महामारी के कारण वित्त वर्ष 2020–21 उद्योग के लिए और विशेष रूप से भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस में हमारे लिए एक चुनौतीपूर्ण साल रहा है।'' बयान में कहा गया कि भारती एक्सा के समग्र स्वास्थ्य खंड में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 410 करोड़ रुपये से बढ़कर 457 करोड़ रुपये हो गया।

## सम्पादकीय........

### चीन से सीखें जनसंख्या नियंत्रण

महान ग्रीक साहित्यकार अरिस्टोफैनिस के मुताबिक, 'बुद्धिमान लोग बहुत कुछ अपने शत्रुओं से सीखते हैं.' यह कहावत भारत के लिए उपयोगी एवं प्रासंगिक हो सकती है. राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अध्यक्षता में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो ने 31 मई को 'तीन बच्चों की नीति' अपनाने का फैसला किया. बूढ़ों की बढ़ती संख्या से परेशान चीन को यह एहसास हुआ है कि बच्चे पैदा करने की रफ्तार अगर नहीं बढ़ायी गयी, तो भविष्य की चुनौतियों से निपटने में बहुत मुश्किल होगी. आज पूरे विश्व में जब जनसंख्या नियंत्रण की नीति अपनायी जा रही है, चीन का यह फैसला बहुत अहमियत रखता है. चीन में जनसंख्या नियंत्रण की समस्या पिछले पांच–छह दशकों से सरकार की पहली प्राथमिकता रहती थी. सत्तर के दशक में जब खाद्यान्न एवं पेयजल की कमी होने लगी, तो सरकार ने मजबूरन जनसंख्या नियंत्रण की सख्त नीति अपनायी. साल 1979 में एक बच्चा पैदा करने की नीति लागू हुई. यह नीति काफी हद तक सफल रही, पर इसके कुछ दुष्परिणाम भी दिखने लगे.बेटा पैदा करने की चाह में लोगों में भ्रूणहत्या का प्रचलन बढ़ा और इस कारण लैंगिक असंतुलन भी बढ़ने लगा, लेकिन उसी समय से चीनी नागरिकों की मानसिकता में अधिक बच्चा पैदा नहीं करने की प्रवृत्ति राष्ट्रहित में मजबूत होती गयी. बीते दशक में चीन जनसंख्या वृद्धि दर के एकदम निचले स्तर पर पहुंच गया. बढ़ते सामाजिक असंतुलन के परिप्रेक्ष्य में 2016 में जनसंख्या नीति में परिवर्तन करते हुए 'दो बच्चे' के पैदा करने की नीति अपनायी गयी. विशेषज्ञ मानते हैं कि इस नीति को अपनाने में कम–से–कम पांच साल की देरी हुई, जिसके कारण जनसंख्या में लैंगिक एवं आयु वर्ग का संतुलन बिगड़ गया. चीन की जनगणना के ताजा आंकड़े के मुताबिक, 2020 में जनसंख्या वृद्धि की दर मात्र 0.5 प्रतिशत रही है और केवल 1.2 करोड़ बच्चे ही पैदा हुए. देश की कुल आबादी 141.2 करोड़ है, जबकि 60 वर्ष से अधिक उम्र के लगभग 26.4 करोड़ लोग हैं, पर श्रमजीवी आबादी (15–59 वर्ष के काम करनेवाले लोग) अब 63.3 प्रतिशत ही हैं, जो 2010 से 6.7 प्रतिशत कम है. छह दशकों में सबसे धीमी गति से चीन की आबादी बढ़ने की दर पिछले वर्ष रही. जनसंख्या नियंत्रण की सख्त नीति के प्रतिफल और जनसंख्यिकीय लाभांश पर इसके प्रतिकूल प्रभाव के कारण ही चीन तीन बच्चों की नीति अपनाने पर मजबूर हुआ है.भारत के लिए चीन की जनगणना के आंकड़ों का विशेष महत्व है. संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, मात्र पांच वर्षों में हम दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी के देश बन जायेंगे. हम जनसंख्या नियंत्रण के मोर्चे पर बहुत अधिक सफल नहीं हो पाये हैं और सही मायने में जनसंख्या विस्फोट ही इस देश के सारी समस्याओं का मूल है. खतरनाक गति से बढ़ती जनसंख्या हमारे संसाधन पर दबाव बनाती है और पूरी अर्थव्यवस्था चरमरा जाती है. नतीजतन, सभी लोगों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के गरीब एवं वंचित लोगों तक मूलभूत सुविधाएं कारगर ढंग से पहुंचाने में सरकार के पसीने छूट जाते हैं. जनसंख्या अनियंत्रित रहने से शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. यह भ्रष्टाचार, अपराध, अराजकता तथा हिंसा का भी कारक बनता है. इसका कुप्रभाव पर्यावरण पर भी पड़ता है. यह सही है कि जनसंख्या नियंत्रण की नीति से भारत में भी जनसंख्या वृद्धि में काफी कमी आयी है और लगभग पांच दशकों में वृद्धि दर 2.3 प्रतिशत से घटकर 1.13 प्रतिशत तक आ चुकी है।

## आज का राशिफल

मेष :– निकट संबंधों में शंकाओं को हावी न होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। सगे–संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

बृषभ :– आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं। अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी।

मिथुन :– संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

कर्क :– बीती बातों को भूलने की कोशि करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह में वृद्धि होगी। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

सिंह :– नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। वर्तमान में आपको सकारात्मक सोच के साथ सकारात्मक दिशा में प्रयास करना चाहिए।

कन्या :– किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

तुला :– महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

वृश्चिक :– परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। परिवार में किसी मेहमान का आगमन संभव।

धनु :– मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

मकर :– विभागीय परिवर्तनों से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लावें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सनिध्य प्राप्त होगा।

कुंभ :– राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन–सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

मीन :– आवोश में किये गये कार्य से कष्ट संभव। भावनात्मक समस्याओं पर सगे–संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कायरें को कल पर न टालें।

# महामारी को लेकर ब्रिटेन का असमंजस

**शिवकांत**

*नैतिक बहस इस बात पर भी छिड़ी हुई है कि ब्रिटिश सरकार के भंडार में बचे टीकों को पहले जरूरतमंद देशों को दिया जाए या पहले ब्रिटेन के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सबको टीके लगा दिये जाएं हो सकता है कि तीसरी लहर आने पर बूस्टर के तौर पर एक बार फिर टीका लगाने की जरूरत पड़ जाए. विपक्षी लेबर पार्टी के नेताओं और परोपकारी संगठनों की दलील है कि सबसे पहले उन देशों को टीके देने चाहिए, जहां प्रौढ़ और बुजुर्गों को टीके नहीं लगे हैं इसे ध्यान में रखते हुए अमेरिकी राष्ट्पति जो बाइडेन ने आठ करोड़ टीकों का दान करने का फैसला किया है. ब्रिटिश सरकार ने 40 करोड़ टीकों का सौदा किया है, जो आबादी के लिए जरूरी 13 करोड़ टीकों से तीन गुना है. इसलिए बूस्टर के लिए सात करोड़ टीके रखने के बाद भी ब्रिटेन बड़ी मात्रा में टीके दान कर सकता है. समस्या यह है कि ये टीके अभी तक बने नहीं हैं ।*

कोरोना महामारी की यूरोप में सबसे बुरी मार झेलनेवाले ब्रिटेन के लोग बड़ी बेसब्री से 21 जून का इंतजार कर रहे थे. इसी दिन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की चरणबद्ध कोरोना–मुक्ति योजना के अनुसार वे तमाम बची–खुची पाबंदियां हटायी जानी थीं, जो महामारी की रोकथाम के लिए लगायी गयी थीं, लेकिन भारत से आये डेल्टा कोरोना ने इस पर सवाल खड़ा कर दिया है. स्वास्थ्य मंत्री मैट हैनकॉक ने पिछले दिनों स्पष्ट किया कि डेल्टा वायरस काबू में नहीं आया, तो बाकी पाबंदियों को हटाने की तारीख आगे बढ़ायी जा सकती है. यह वायरस पिछले कुछ हफ्तों के दौरान इंग्लैंड के उत्तरी शहर मैनचेस्टर के नजदीकी बोल्टन और ब्लैकबर्न जैसे शहरों और पश्चिमी लंदन के हाउंसलो जिले में तेजी से फैला है. इन सभी जगहों में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं. ताजा शोध के मुताबिक, डेल्टा वायरस सामान्य कोरोना वायरस की तुलना में 40 फीसदी ज्यादा तेजी से फैलता है. सोमवार को ब्रिटेन में 5311 लोग संक्रमित हुए और चार लोगों की मृत्यु हुई. भारत की तुलना में यह आंकड़ा मामूली है, लेकिन ब्रिटेन में यह पिछले हफ्ते की तुलना में लगभग दोगुना है. इसलिए कई वैज्ञानिक और नेता एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं. दूरी और मास्क की शर्तों में कितनी ढील दी जाए, इस पर भी विचार जारी है. तेज टीकाकरण अभियान की बदौलत ब्रिटेन में 62 प्रतिशत लोगों को टीके की एक खुराक दी जा चुकी है और लगभग 42 प्रतिशत लोगों को दोनों टीके लग चुके हैं. इसी सप्ताह से 30 वर्ष से ऊपर की उम्र के लोगों का टीकाकरण शुरू हो रहा है. डेल्टा वायरस प्रभावित इलाकों में किशोरों से लेकर वयोवृद्ध लोगों तक, सबको टीके लगाये जा रहे हैं. स्कूलों व कॉलेजों को खुले दो महीने हो चुके हैं. सभी दुकानें, शराबखाने, रेस्तरां, सिनेमाघर, थिएटर, संग्रहालय, पुस्तकालय और क्लब खुल चुके हैं. केवल नाइट क्लबों, बड़े आयोजनों, रंगारंग कार्यक्रमों और खेल–आयोजनों को अनुमति नहीं है. जल्द ही



माध्यमिक स्कूलों और कॉलेजों में टीकाकरण अभियान भी शुरू हो रहा है, ताकि तीसरी लहर न आने पाए. किशोरों के टीकाकरण को लेकर नैतिक बहस भी चल रही है, क्योंकि ज्यादातर बच्चे और किशोर संक्रमित होने पर गंभीर रूप से बीमार नहीं पड़ते, लेकिन टीके से भविष्य में होनेवाले बुरे प्रभाव की आशंका पैदा हो जाती है. ऐसे में स्कूल–कॉलेजों में फाइजर के टीके लगाये जायेंगे, क्योंकि नये शोध के अनुसार बच्चों के लिए इस टीके को ज्यादा सुरक्षित पाया गया है. जिन लोगों को दोनों टीके लग चुके हैं, उनका बड़े आयोजनों में और विदेश यात्राओं पर जाना और आसान करने के लिए कोविड पासपोर्ट के प्रस्ताव पर भी नैतिक बहस खड़ी हो गयी है. पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने कोविड पासपोर्ट की वकालत की है, लेकिन प्रधानमंत्री जॉनसन की सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी के कई दक्षिणपंथी नेता और मंत्री इसका विरोध कर रहे हैं. उनकी दलील है कि कोविड पासपोर्ट जारी करना उन लोगों के साथ भेदभाव करना होगा, जो या तो स्वास्थ्य संबंधी कारणों से टीका नहीं लगवा पायेंगे या फिर जो टीका नहीं लगवाना चाहेंगे. विकलांगों और गंभीर बीमारी के रोगियों को टीके नहीं लगाये जा रहे हैं. नैतिक बहस इस बात पर भी छिड़ी हुई है कि ब्रिटिश सरकार के भंडार में बचे टीकों को पहले जरूरतमंद देशों को दिया जाए या पहले ब्रिटेन के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सबको टीके लगा दिये जाएं. हो सकता है कि तीसरी लहर आने पर बूस्टर के तौर पर एक बार फिर टीका लगाने की जरूरत पड़ जाए. विपक्षी लेबर पार्टी के नेताओं और परोपकारी संगठनों की दलील है कि सबसे पहले उन देशों को टीके देने चाहिए, जहां प्रौढ़ और बुजुर्गों को टीके नहीं लगे हैं. इसे ध्यान में रखते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आठ करोड़ टीकों का दान करने का फैसला किया है. ब्रिटिश सरकार ने 40 करोड़ टीकों का सौदा किया है, जो आबादी के लिए जरूरी 13 करोड़ टीकों से तीन गुना है. इसलिए बूस्टर के लिए सात करोड़ टीके रखने के बाद भी ब्रिटेन बड़ी मात्रा में टीके दान कर सकता है. समस्या यह है कि ये टीके अभी तक बने नहीं हैं और अभी दुनिया की कुल टीका उत्पादन क्षमता इतनी भी नहीं है, जितनी जरूरत अकेले भारत को है.अच्छी बात यह है कि उत्पादन क्षमता में तेजी से वृद्धि हो रही है. कई कंपनियां एक ही खुराक वाले टीके विकसित कर रही हैं. कुछ कंपनियां सूई की बजाय नाक में स्प्रे द्वारा लगने वाले टीके का विकास कर रही हैं. स्वीडन के टीका शोध संस्थान ने कोविड टीके को पाउडर में बदलने की तकनीक का विकास कर लिया है. पाउडर बने टीके को सामान्य तापमान पर रखा जा सकता है और जरूरत पड़ने पर इसमें पानी मिला कर टीके की तरह लगाया जा सकता है. पाउडर बना टीका दक्षिण एशिया और अफ्रीका के देशों के लिए सस्ता और सुगम साबित होगा.बहरहाल, टीकाकरण और टीका पासपोर्ट पर नैतिक बहस के साथ–साथ अब लोगों का ध्यान अर्थव्यवस्था को उबारने और उसके लिए यातायात और सत्कार क्षेत्र के उद्योगों को पुनर्जीवित करने पर लग गया है. ग्रीस के बाद अब स्पेन और फ्रांस ने पर्यटन के लिए अपने दरवाजे खोलने शुरू कर दिये हैं, लेकिन सभी को भारत में फैले डेल्टा और वियतनाम और थाइलैंड में फैले कोरोना वायरसों का भय है. पर्यटन खोलनेवाले देश टीके के प्रमाणपत्र और नेगेटिव पीसीआर टेस्ट की शर्तों पर प्रवेश करने देंगे. इसलिए ऐसा कोई टीका प्रमाणपत्र बनाने पर भी विचार चल रहा है, जो हर देश में मान्य हो सके. इस जांच में महामारी की रोकथाम के लिए सरकार की तैयारी से लेकर लॉकडाउन के समय वृद्धाश्रमों के बचाव के लिए किये गये उपायों और टीकाकरण की रफ्तार की छानबीन की जायेगी. सरकार इस जांच को जितना हो सके, देरी से कराना चाहती है, ताकि फैसला कार्यकाल की समाप्ति के आस–पास आए. फिर भी, ब्रिटिश सरकार ने जांच का आश्वासन तो दिया है. भारत में तो इस विषय पर अभी बहस तक नहीं हुई है।

# मोदी सरकार की हाथ की सफाई

**राजेंद्र शर्मा**


पुरानी कहावत है कि जो इतिहास से यानी अनुभव से नहीं सीखते हैं, इतिहास को दोहराने के लिए अभिशप्त होते हैं। नरेंद्र मोदी का सत्ता पर ज्यादा से ज्यादा प्रत्यक्ष नियंत्रण हासिल करने का मोह क्या कोविड–19 की महामारी के मामले में भी, दूसरी लहर के विनाशकारी इतिहास का आगे भी दोहराया जाना ही भारतवासियों की नसीब में नहीं लिख रहा है? सारे लक्षण तो इसी के हैं। बेशक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्ङ्क के नाम 7 जून का संबोधन, टीका नीति में बदलाव की घोषणा और दूसरी लहर की तबाही के सामने अपनी सरकार की मुस्तैदी के दावों के जरिए, विफलता के आरोपों से अपनी सरकार के बचाव पर ही केंद्रित रहा था। प्रधानमंत्री ने कम से कम अपने मुंह से, महामारी की दूसरी लहर पर काबू पाने का दावा तक नहीं किया था। फिर भी, अचरज की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री के संबोधन से कम से कम शासनतंत्र और उनके समर्थक समूह तक यही संदेश गया कि कोविड की दूसरी लहर पर काबू पाया जा चुका है। अब दूसरे विषयों को उठाने का समय आ गया है। यह इसके बावजूद था कि प्रधानमंत्री के राष्ट्ङ्क को संबोधित करने के इस दिन पर भी, दैनिक केसों की संख्या 81 हजार के करीब थी। यह संख्या बेशक, 7 मई को दूसरी लहर के शीर्ष पर दर्ज हुए 4,14,188 नये केसों के मुकाबले, उल्लेखनीय कमी को दिखाती थी। फिर भी, यह संख्या पहली लहर के शीर्ष पर, सितंबर के मध्य में दर्ज हुई दैनिक संक्रमणों की संख्या से बहुत कम भी नहीं थी। लेकिन, दूसरी लहर पर काबू पाए जाने का ऐलान तो प्रधानमंत्री के पक्के जोड़ीदार, गृहमंत्री इससे भी तीन दिन पहले ही कर चुके थे। 4 जून को गुजरात में एक कार्यक्रम में उन्होंने कोविड–19 की दूसरी लहर पर बहुत तेजी से नियंत्रण कर लिए जाने का और जाहिर है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नियंत्रण कर लिए जाने का, बाकायदा ऐलान भी कर दिया था। उस रोज केसों की दैनिक संख्या, 1 लाख 32 हजार से ज्यादा थी यानी पहली लहर के शीर्ष से करीब 33 फीसद ऊपर। वास्तव में अप्रैल के दूसरे और मई के पहले पखवाड़े में, कोविड–19 की दूसरी लहर का प्रकोप सबसे तेजी पर था और अस्पताल बैड, वेंटीलेटर, दवा, आक्सीजन, एंबुलेंस, शमशान–कब्रिस्तान, समेत सारी व्यवस्थाएं नाटकीय तरीके से ढह गई नजर आ रही थीं और इस सबके बीच छोटे–छोटे निजी या संगठनगत प्रयासों को छोड़कर, शासनतंत्र से लेकर सत्ताधारियों तक, कोई भी लाचार लोगों की मदद करने के लिए मौजूद नजर ही नहीं आ रहा था। उस समय सत्ताधारी संघ परिवार ने मुसीबत के मारे लोगों की मदद करने के प्रयासों में अपनी ताकत लगाने के बजाय, अपनी सारी ताकत इन कठोर सच्चाइयों को नकारने में और यह दिखाने में ही लगा रखी थी कि हालात उतने बुरे नहीं हैं, जितना देसी–विदेशी मीडिया के एक हिस्से द्वारा दिखाया जा रहा था। उनका सारा ध्यान, प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की छवि की हिफाजत करने पर ही था। जहां अप्रैल के आखिर में, संघ प्रमुख मोहन भागवत, मोदी और उनकी सरकार के बचाव के लिए यह दलील दे रहे थे कि अकेले सरकार के प्रयास से ऐसे संकट पर काबू नहीं पाया जा सकता है, वहीं मई के मध्य में वह सरकार की अकरनियों की आलोचनाओं को नकारात्मकता का बढ़ जाना करार देकर बाकायदा पॉजिटिविटी अनलिमिटेड की मांग पेश कर चुके थे। कहने की जरूरत नहीं है कि उनके पीछे–पीछे, समूचा संघी ईको–सिस्टम, पाजिटिविटी–पाजिटिविटी की पुकार करने लगा। यहां से कोविड–19 पर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दोबारा नियंत्रण पाए जाने के दावों तक की यात्रा ज्यादा मुश्किल नहीं थी। फिर भी मई के तीसरे हफ्ते में भी हालात इतने खराब थे कि सीधे ऐसे दावों की शुरूआत करना मुश्किल था। ऊपर से संकट के समय में लोगों की मदद करने वालों के बीच, संघ परिवार के संगठनों की अनुपस्थिति पर उठते सवाल अब भी बहुत गर्म थे। लिहाजा भाजपा को न चाहते हुए भी, मोदी सरकार की सालगिरह के महीने के आखिर में पड़ने वाले आयोजनों को टालने का ऐलान करना पड़ा। फिर भी, भाजपा व संघ परिवारी संगठनों ने 30 मई को शसेवा और संगठनश दिन मनाने की और सरकार की ओर से लोगों की मदद के कुछ कार्यक्रमों की घोषणा के जरिए, संकट के समय में लोगों का ख्याल रख रहे होने की रस्मअदायगी कर के ही, सब सामान्य हो चुका होने की मुद्रा अपना ली। मोदी सरकार को उसकी घोर विफलताओं की आलोचनाओं से बचाने के लिए, यह मुद्रा जरूरी थी। आखिर इसी तरह विषय बदलकर, मोदी और उनकी सरकार की छवि को बचाने की उम्मीद की जा सकती थी। कहने की जरूरत नहीं है कि विधानसभाई चुनावों के पिछले चक्र में मोदी–शाह के नेतृत्व में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन से, उनकी छवि बचाने की अर्जेंसी और बढ़ गई थी ।स्वाभाविक रूप से इस बीच उत्तर प्रदेश की ओर खासतौर पर ध्यान गया, जहां कोविड की दूसरी लहर में तबाही की और खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में तबाही की भयानक खबरें आ रही थीं और दुनिया भर में गंगा में बहतीं तथा गंगा के तट पर रेती में रामनामी से ढंकी उथली कब्रों में दफ्घ्न हजारों लाशों की तस्वीरें सारी दुनिया ने देखी थीं। और इसी सब की पृष्ठङ्कभूमि में तथा पांच महीने से ज्यादा से जारी किसान आंदोलन की पृष्ठङ्कभूमि में, तीन स्तरीय पंचायती चुनाव में भाजपा की हार ने, अगले साल के शुरू में होने जा रहे विधानसभाई चुनाव के लिए खतरे की घंटी बजा दी। खतरे की गंभीरता भांपकर आरएसएस खुद मैदान में उतर पड़ा। उसकी तरफ से चिंता जताई गई। फिर, आरएसएस द्वारा अनुमोदित इनपुट एकत्र करने वाले दल भेजे गए। अंततरू योगी आदित्यनाथ को दिल्ली बुलाया गया और मोदी–शाह जोड़ी समेत भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात कर उन्हें, इसका भरोसा दिलाना पड़ा कि वह चुनाव के लिए शसब को साथ लेकर चलनेश के लिए यानी संघ–भाजपा के लोगों की शिकायतों को दूर करने के अलावा, छोटे–छोटे जातिवादी समूहों को साथ रखने के लिए, जरूरी एडजस्टमेंट करने के लिए अपने ईगो पर नकेल लगाने के लिए तैयार हैं। बहरहाल, यह गौरतलब है कि योगी को चुनाव तक के लिए अभयदान देकर लखनऊ वापस भेजे जाने तक का पूरा घटनाचक्र, राष्ट्ङ्क के नाम मोदी के संबोधन के तीसरे–चौथे दिन तक पूरा भी हो चुका था। इतना ही नहीं, उत्तर प्रदेश से फुर्सत पाते ही मोदी–शाह–नड्ढ्ढा की भाजपा, केंद्र सरकार के मंत्रालयों के काम–काज की विस्तृत समीक्षा की लंबी कसरत में जुट चुकी थी, जिसके जरिए इसका वातावरण बनाया जा रहा था कि केंद्रीय मंत्रिमंडल का महत्वपूर्ण विस्तारध् बदलाव होने जा रहा है। यह कोविड–19 की चुनौती की ओर से ध्यान हटाने की विभिन्न कोशिशों का ही एक और हिस्सा है। उधर, केंद्रीय नेतृत्व से इशारा लेकर, खासतौर पर मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक जैसे भाजपा–शासित राज्यों ने न सिर्फ मौतों की गिनती घटाकर दिखाने के खेल को और तेज कर दिया है बल्कि संक्रमणों की संख्या से लेकर पॉजिटिविटी दर तक के मामले में हेराफेरी बढ़ा दी है, ताकि यह दिखाया जा सके कि कोविड–19 का संकट करीब–करीब खत्म ही हो गया है ।अचरज नहीं कि मध्य प्रदेश में कोविड–19 से मौतों की संख्या में भारी हेरा–फेरी को बेनकाब करने के बाद, अभी हाल में कुछ दैनिकों ने पिछले हफ्तों में हुए टैस्टिंग के भारी फर्जीवाड़े को बेनकाब किया है, जिसके पीछे उद्देश्य यही लगता है कि महामारी को खत्म हो गया दिखाया जाए ।महामारी से निपटने मेंमौजूदा सरकार की घनघोर विफलता की आलोचनाओं का मोदी ब्रिगेड की नजरों में एक ही जवाब हैकृमहामारी के पीछे छूटने और कुछ भी दूसरा सबसे महत्वपूर्ण हो जाने का माहौल बनाया जाए। अचरज नहीं कि उत्तर प्रदेश में चुनाव की तैयारियों के हिस्से के तौर पर कथित गोरक्षकों के हमलों से लेकर, मुसलमानों के खिलाफ हमलों तक का सिलसिला, फिर से तेज हो गया है ।इस सब को संघ–भाजपा जोड़ी की चुनावी–राजनीतिक पैंतरेबाजी मानकर ही छोड़ा जा सकता था, बशर्ते यह कोविड–19 महामारी के सामने हमारे देश को और अरक्षित नहीं बना रहा होता।


# फिल्म ओह माय गॉड 2 में दिखेंगी यामी गौतम





दिलकश अभिनेत्री यामी गौतम अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस अभिनेत्री ने फिल्म उरीरू द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर से 4 जून को शादी रचाई है। अब यामी की झोली में एक और खुशी आई है। खबरों की मानें तो वह अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की बहुप्रतीक्षित फिल्म ओह माय गॉड 2 में नजर आने वाली हैं। ओह माय गॉड 2012 में आई एक जबरदस्त कॉमेडी फिल्म थी। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय और पंकज की फिल्म ओह माय गॉड 2 में यामी फीमेल लीड भूमिका में नजर आ सकती हैं। बताया जा रहा है कि यामी का किरदार फिल्म की कहानी के हिसाब से काफी महत्वपूर्ण है। एक सूत्र ने कहा, फिल्म का पिछला भाग भगवान के साथ एक आदमी की लडाई से संबंधित था। इस बार मेकर्स एक अनोखी कहानी के साथ आएंगे जिसमें पंकज, अक्षय और यामी अहम भूमिकाओं में दिखेंगी। सूत्र ने बताया कि यामी अक्षय के साथ इस सीच्ल फिल्म में काम करने के लिए काफी उत्सुक हैं। यह पहली बार होगा जब यामी अक्षय के साथ किसी फिल्म में नजर आएंगी। सूत्र ने कहा, मेकर्स ओह माय गॉड को इसके ब्रैंड के पैमाने पर बनाते, तो अब तक इस फ्रेंचाइजी की पांच फिल्में बन गई होती। हमारी टीम इस बात को लेकर आश्वस्त थी कि यदि हम कहानी से संतुष्ट होंगे तभी इसके अगले भाग पर काम करेंगे। फिल्मों के अलावा यामी फिलहाल अपनी वैवाहिक जिंदगी को लेकर लाइम लाइट में बनी हुई हैं। यामी और आदित्य की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। यामी और आदित्य की इस शादी में केवल परिवार के लोगों की मौजूदगी रही। यह शादी पारम्परिक रीति–रिवाजों के साथ हिमाचल प्रदेश में मंडी में हुई है। आदित्य की 2019 में आई सुपरहिट फिल्म उरीरू द सर्जिकल स्ट्राइक में विक्की कौशल के साथ यामी अहम भूमिका में नजर आई थीं। ओह माय गॉड में अक्षय के साथ परेश रावल को दमदार भूमिका में देखा गया था। अब फिल्म के सीच्ल में अक्षय के साथ अभिनेता पंकज त्रिपाठी नजर आएंगे। खबरों की मानें तो फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी अमित राय के कंधे पर होगी। इस फिल्म की शूटिंग आगामी सितंबर से होने की उम्मीद है। फिल्म को अक्षय और अश्विन वर्दे प्रोड्यूस कर रहे हैं। अभी फिल्म के प्री प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। बीते जनवरी में खबर आई थी कि फिल्म का सीच्ल का काम प्रगति पर है। ओह माय गॉड को उमेश शुक्ला ने निर्देशित किया था और वह इस सीच्ल से नहीं जुड़ेंगे। ओह माय गॉड 2 में पंकज ने परेश को रिप्लेस किया है। पंकज के साथ यह अक्षय की दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों फिल्म बच्चन पांडे में साथ काम कर चुके हैं। ओह माय गॉड 2 शुरू करने से पहले अक्षय फिल्म रक्षाबंधन की शूटिंग पूरी करेंगे। 2012 में रिलीज हुई ओह माय गॉड एक गुजराती नाटक पर आधारित है, जिसका नाम है कांजी वर्सेस कांजी। फिल्म अंग्रेजी फिल्म द मैन हू स्यूड गॉड से भी प्रेरित थी। यह एक गुजराती व्यवसायी की कहानी है, जो नास्तिक होता है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब वह भगवान के अस्तित्व को साबित करने के लिए अदालत में जाता है। फिल्म ने इस बात पर प्रकाश डाला कि धर्म, जाति और अन्य भेदभाव इंसान ने ही बनाए हैं। यामी के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस साल उन्हें कई फिल्मों में देखा जा सकता है। वह तुषार जलोटा की फिल्म दसवीं को लेकर चर्चा में रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिषेक बच्चन दिखने वाले हैं। वह बेहजाद खंबाटा की फिल्म अ थर्सडे में भी अभिनय करती नजर आ सकती हैं। इसके अलावा उन्हें पवन कृपलानी की फिल्म भूत पुलिस में देखा जाएगा। इस फिल्म में सैफ अली खान, अर्जुन कूपर और अली फजल नजर आएंगे।

## बोल्डनेस के मामले में किसी से कम नहीं हैं जॉर्जिया एंड्रियानी










अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी आज सोशल मीडिया पर किसी सेंसेशन से कम नहीं हैं। आइए आज आपको दिखाते हैं उनकी कुछ बोल्ड फोटोज जिन्हें देख आप दांतों तले उंगली दबा लेंगे।

## काम पर लौटने की तैयारी में शाहरुख खान




बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान अब काम पर लौटने की तैयारी में है। इसकी जानकारी खुद किंग खान ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ अपनी एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर कर दी। इस तस्वीर को शेयर करने के साथ ही शाहरुख ने इसे मजेदार कैप्शन देते हुए लिखा–वो कहते हैं समय को दिन, महीने और दाढ़ी से मापा जाता है। मुझे लगता है कि अब समय आ गया है ट्रिम करने का और काम पर लौटने का। उन सभी को शुभकामनाएं जो कुछ हद तक सामान्य स्थिति में पहुंच गए हैं। सुरक्षित और स्वस्थ दिन और आगे काम करने के महीने। सभी को ढेर सारा प्यार। शाहरुख खान के इस पोस्ट को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और इसपर जमकर प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। शाहरुख खान लगभग तीन साल बाद अभिनय की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। बतौर अभिनेता वह आखिरी बार साल 2018 में आई आनंद एल रॉय की फिल्म जीरो में अभिनय करते नजर आये थे। वर्कफ्रंट की बात करे तो शाहरुख खान जल्द ही दीपिका पादुकोण के साथ फिल्म पठान में लीड रोल में नजर आएंगे। इसके अलावा वह फिल्म ब्रह्मास्त्र और लाल सिंह चड्ढा में भी छोटी सी भूमिका निभाते नजर आएंगे।

## फिल्म में रणवीर सिंह और कटरीना कैफ की बनेगी जोड़ी ?



कोरोना महामारी के चलते महाराष्ट्र में लॉकडाउन जैसी पाबंदियां लगी थीं लेकिन सरकार ने जैसे ही अनलॉक की प्रक्रिया शुरू की तब से बॉलिवुड सिलेब्स दोबारा से अपनी फिल्मों की शूटिंग के लिए तैयार हो गए। इसी बीच कटरीना कैफ, रणवीर सिंह, डायरेक्टर रीमा कागती और अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता बच्चन नंदा को फिल्ममेकर जोया अख्तर के घर के बाहर स्पॉट किया गया। इसके बाद से अटकलें शुरू हो गईं कि किसी फिल्म की तैयारी हो रही है। सूत्रों ने बताया, रणवीर सिंह, रीमा कागती और श्वेता बच्चन नंदा पहले से ही जोया अख्तर के घर पर थे। कटरीना कैफ ने बाद में इन लोगों को जॉइन किया। इन सभी की करीब डेढ़ घंटे मीटिंग चली। जोया अख्तर से घर से निकलते वक्त पपाराजियों ने इन सभी को अपने कैमरे में कैद किया। इसके बाद से ही कयास लगाए जाने लगे कि एक नए प्रॉजेक्ट में ये सभी के काम करने वाले हैं। हालांकि, फैंस को आधिकारिक घोषणा का इंतजार करना पड़ेगा। कटरीना कैफ के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी पाइप लाइन में कई फिल्में हैं। कटरीना कैफ फिल्म श्टाइगर 3य में सलमान खान के साथ, फिल्म श्सूर्यवंशीय में अक्षय कुमार के साथ, फिल्म श्फोन भूतय में ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ काम करती नजर आएंगी। रणवीर सिंह के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह श्सर्कसय और च83य जैसी फिल्मों में नजर आएंगे। फिल्म श्सर्कसय में उनके साथ पूजा हेगड़े, जैकलिन फर्नांडीस और वरुण शर्मा भी हैं। फिल्म च83य में उनके साथ दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। फिल्ममेकर करण जौहर की फिल्म श्तख्तय में भी रणवीर सिंह काम करते दिखाई देंगे।

# सांसद, देवरिया व कुशीनगर और विधायकगण, जनपद कुशीनगर के साथ जिलाधिकारी की उपस्थिति में बैठक

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता विद्युत के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उक्त बैठक में सांसद देवरिया 8 कुशीनगर एवं माननीय विधायक गणों के द्वारा विद्युत से सम्बन्धित जन समस्याओं से अवगत कराया गया। इन समस्याओं को जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान में लेते हुए तत्काल उपस्थित अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।सांसद देवरिया के विशेष आग्रह पर आयोजित बैठक में बारी–बारी से विधायकगणों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाया। विधायक फााजिलनगर गंगा सिंह कुशवाहा के द्वारा जूनियर इंजीनियर विद्युत के अनुपस्थित रहने की शिकायत, बरसात के दिनों में पानी की समस्या, पटहेरवा में बिना जनप्रतिनिधि के संज्ञान में लाए विद्युत योजना का उद्वघाटन इत्यादि समस्याएँ गिनाई गई । माननीय विधायक हाटा पवन केडिया ने विद्युत मार्ग को पटटन से डायरेक्ट हाटा किये जाने की माँग, खेतों में ढ़ीले तारों के बाबत दुर्घटना की आंशका, जे0ई0 के द्वारा फोन नही उठाने की समस्या, ट्रान्सफर्मार के खम्भे नही बदले जाने की शिकायत, तार टूटने के बाद तत्काल ठीक करने की प्रक्रिया आदि की शिकायत की गयी।विधायक रामकोला रामानंद बौद्ध के द्वारा कई मामलों में विद्युत विभाग की त्वरित कार्यवाही सन्तोषजनक बताया गयी किंतु कुछ मामलों यथा पोल लगाने में आधार तल को सीमेंटेंड करवाने, जर्जर तार, विघुत क्षमता में कमी तथा अधिकांश फीडरों में जे0ई0 के नही होने की शिकायत बताई गयी।विधायक कुशीनगर रजनीकांत मणि त्रिपाठी के द्वारा कहा गया कि विद्युत कम्पनियों द्वारा आधा अधूरा कार्य किया जाता है, कई जगह तारविहीन खम्भों की समस्या, विद्युत क्षमता वृद्वि हेतु कई सालों से लंबित आवेदन, लटके तारों की समस्या आदि से अवगत कराया गया। विधायक खड्डा जटाशंकर त्रिपाठी के द्वारा बिना कनेक्शन विभाग द्वारा बिल भेजने की समस्या को उठाया गया।कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन ललन मिश्रा द्वारा पडरौना के सन्दर्भ में विद्युत आपूर्ति के मात्र 3–4 घंटे ही रहने, जर्जर तार की समस्या, कम बोल्टेज की समस्या आदि से अवगत कराया गया। सांसद प्रतिनिधि एंव पूर्व विधायक रविन्द्र प्रताप मल्ल द्वारा देवरिया जिले में कुशीनगर से विद्युत आपूर्ति में कम बोल्टेज की समस्या, विद्युत क्षमता में कमी, सेवरही में जले ट्रान्सफार्मर की शिकायत, टुटे तार की समस्या, बिना मीटर कनेक्टशन नही देने की शिकायत, आए दिन ट्रान्सफर्मार जलने की शिकायत से अवगत कराया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए माननीय सांसद देवरिया रमापति राम त्रिपाठी ने बैठक आयोजित करने का मुख्य उददेश्य बताते हुए कहा कि हमारी भूमिका जनता की समस्याओं को आप तक पहुँचाने की है। इस सन्दर्भ में उन्होने कुछ मुददों पर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया। जे0ई0 या अन्य अधिकारियों द्वारा फोन नही उठाने की समस्या पर उन्होने अनुरोध किया कि फोन को 24 घंटे सक्रिय रखें तथा जनप्रतिनिधियों के फोन को गम्भीरता से लिया जाना चाहिए। ट्रांसफार्मर के खराब होने की स्थिति में तत्काल ठीक करवाने की व्यवस्था होनी चाहिए। लाइनमैन के द्वारा ड्यूटी नही की जाती है तथा प्राइवेट या ठेके पर कार्य करवाया जाता है तो दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। उन्होने कहा कि बरसात की वजह से आए दिन विद्युत लाइन में फॉल्ट की समस्या स्वभाविक है, किन्तु समय से फॉल्ट ठीक कर लेना चाहिए। माननीय सांसद ने जर्जर तारों की समस्या को भी उठाया। उन्होने कहा कि सरकार की नीति एवं नियत ठीक है किन्तु आपके क्रियान्वयन में कमी है, इसको देखने की जरूरत है। उन्होने कहा कि बैठक में समस्याओं को संज्ञान मं लिया जाए तथा प्राथमिकता निश्चित किया जाए, जनता को लगे की विद्युत समय से मिल रहा हे। समस्याग्रस्त स्थानों पर अधिकारी स्वंय जाकर देखें कि क्या कमी है, मुआयना करे, कारण ढूँढे एवं उसका निदान करे। उन्होने अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपकी जिम्मेदारी पब्लिक सर्वेंट के रूप में सेवा करने की है।जिलाधिकारी ने उक्त समस्याओं के सन्दर्भ में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा तत्काल समाधान हेतु आदेशित किया। लम्बित मामलों के सन्दर्भ में उन्होने अधिकारियों को फटकार भी लगाई तथा उसके त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिया। इस सन्दर्भ में जिलाधिकारी ने बैठक के अन्त में सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया तथा जनपद के माननीय सांसद, विधायक गण, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से इस प्रकार की बैठक आगे भी आयोजित करवाने का भरोसा दिलया। इस अवसर पर सांसद देवरियाध्कुशीगनर (आंशिक) डा0 रमापति राम त्रिपाठी,विधायक हाटा पवन केडिया,विधायक फाजिलनगर गंगा कुशवाहा, विधायक रामकोला रामानन्द बौद्व, मा0 विधायक कुशीनगर रजनीकान्त मणि त्रिपाठी, विधायक खड्डा जटाशंकर त्रिपाठी, कॉपरेटिव बैंक के चेयरमैन ललन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व विधायक श्री रविन्द्र प्रताप मल्ल, पूर्व जिला महामंत्री भाजपा मार्कण्डेय शाही, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा राधेश्याम पाण्डेय अन्य जनप्रतिनिधि गण के साथ जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम व अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।




# थानाध्यक्ष तरया सुजान ने शराब तस्कर को पिकप सहित पकड़ा

'अमित रेखा – आर.एन.पांडेय'

तमकुहीराज – कुशीनगर। जनपद के तरया सुजान थानाध्यक्ष ने अपने नये तैनाती को सही साबित करते हुए बड़ी बरामदगी कर अपने आलाधिकारियों का भरोसा जीता है। सनद हो कि सोमवार को सलेमगढ़ टोल प्लाजा के समीप पिकअप से बिहार को जा रहें 85 पेटी देशी शराब सहित दो तस्कर को थानाध्यक्ष तरयासुजान कपिलदेव चौधरी के नेतृत्व में टीम ने धार दबोचा,जिनके विरुद्ध तमकुहीराज पुलिस क्षेत्राधिकारी फुलचंद कनौजिया के निर्देश पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही हैं।कार्रवाई से पीआरओ सेल कुशीनगर भी प्रभावित होकर सोशल मीडिया पर तस्वीरें भेजी है। उम्मीद है कि ऐसी बरामदगियां होती रहेंगी। इस संबंध में थानाध्यक्ष तरयासुजान कपिलदेव चौधरी ने बताया कि उच्च अधिकारियों ने बड़ी जिम्मेदारी के साथ इस थाने पर भेजा है जिस पर मैं सदैव खरा उतरने का प्रयास करूंगा।




# कार के साथ भारी मात्रा में शराब जप्त एक तस्कर गिरफ्तार

अमित रेखा – संतोष पाठक

कुचायकोट – गोपालगंज

स्थानीय थाना क्षेत्र के बलथरी स्थित बैरियर के पास उत्पाद विभाग की टीम ने कार का पीछा कर भारी मात्रा में शराब बरामद करते हुए एक कार को जप्त कर एक तस्करों को गिरफ्तार किया है शराब उत्तरप्रदेश से सिवान ले जाई जा रही थी बलथरी स्थित बैरियर पर तैनात उत्पाद विभाग की टीम को जानकारी लगी की जलालपुर के रास्ते शराब की बड़ी खेप बिहार में लाई जा रही है तुरंत उत्पाद इस्पेक्टर प्रकाश चंद्र एसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर जांच शुरू की गई उत्पाद विभाग की टीम द्वारा पीछा कर तिवारी टोला गांव के सामने एन एच 27 पर पकड़ ली गई कार में भारी मात्रा में शराब बरामद हुआ जिसमें सिवान जिला के मुफसिल थाना क्षेत्र के बरहनी टोला गांव के मुन्ना कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया पूछताछ में उत्तरप्रदेश के तमकुहीराज से 13 पेटी शराब लाए जाने तथा सिवान पहुंचाए जाने की जानकारी मिली शराब से भरी कार सिवान के ही एक तस्कर की बताई जा रही है उत्पाद विभाग ने प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।



# मुरारपुर गांव में नया ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए भेजा पत्र

अमित रेखा सत्य प्रकाश यादव

गोला गोरखपुर। सदर सांसद रवि किशन शुक्ला ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड गोरखपुर के मुख्य अभियंता को और विधानसभा चिल्लूपार के विधायक विनय शंकर तिवारी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड सिकरीगंज को उरुवा क्षेत्र के धुरियापार विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले मुरारपुर गांव में लो वोल्टेज की समस्या के निदान हेतु गांव के बृज भूषण दूबे के घर के आसपास नया ट्रांसफार्मर स्थापित कराने के लिए पत्र भेजा।गांव के बृज भूषण दूबे ने सदर सांसद रवि किशन शुक्ला व विधायक विनय शंकर तिवारी को लो वोल्टेज की समस्या के बारे अवगत कराया था। शिकायत पत्र में उन्होंने लिखा था कि उनके गांव में काफी वर्षों से लो वोल्टेज की समस्या है। कारण यह है कि वर्तमान में लगे ट्रांसफार्मर पर ज्यादा लोड होना। यह भी लिखा लो वोल्टेज की समस्या के कारण घर मे लगे बिजली उपकरण सही से नही चलते। शिकायत पत्र के माध्यम से उन्होंने नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किया।

# कलेक्टेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी डा0उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कोविड महामारी से प्रभावित अनाथ बच्चों को चिन्हीकरण तथा उन्हें सरकारी योजनाओं से संतृप्त, मुख्य बाल सेवा,बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय समिति स्पोनसरशिप, बाल संरक्षण समिति,बाल बिबाह से सम्बन्धित अनेक विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम कोविड 19 महामारी से प्रभावित अनाथ बच्चों का चिन्हिकरण 36 किये गये है, जिनके माता पिता या एक सदस्य की मृत्यु पश्चात बच्चे रिस्तेदारी या अन्य सदस्य द्वारा देखभाल किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि ऐसे बच्चो को तत्काल प्रभाव से योजनाओं से संतृप्त किया जाय। शून्य से 10 वर्ष की आयु तथा 11 वर्ष से 18 वर्ष आयु वाले ऐसे बच्चो को वैध संरक्षक के खाते में 4000रू प्रतिमाह धनराशि दिये जाये,जिन्हे किसी प्राइवेट संस्था में पंजीयन कराया हो,तथा कक्षा 6 से 12 तक शिक्षा हेतु अटल आवासीय या कस्तुरबा गाँधी आवसीय विद्यालय में प्रवेशित कराये। वर्ष 11 से 18 आयु बच्चों अवकाश अवधि में तीन माह हेतु 12000रू संरक्षक के खाते में स्थानान्तरित किया जाय। मुख्य मंत्री बाल सेवा योजना में श्रम विभाग अधिकारी को निर्देश दिया कि दुकानदारों के यहा कार्य करने वाले बच्चों को चिन्हित करें । बच्चों की परिस्थितियों को संज्ञानित करते हुए,उन्हें सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाय। किशोर न्याय वोर्ड में 805 मामलों का निस्तारण नही हो पाया है जिसमें वोर्ड सदस्यों को लगन से कार्य करने की सलाह दी। बाल संरक्षण के महत्वपूर्ण विषयों पर ब्लाक व ग्राम स्तर पर जन जागरूकता हेतु कैम्प या पोस्टर, हैण्ड बुक के माध्यम से प्रचार प्रसार पर जोर दिया गया। बाल कल्याण समिति सदस्या (सी डब्लू सी )सरोज पाण्डेय ने महिलाओं की समस्या से सम्बन्धित बताया कि समस्याओं का निस्तारण नही होने पर समिति कार्य नहीं कर पा रही है महिला रात्रि निवास की ब्यवस्था न होने के कारण समस्यायें जटिल हो जा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि सम्प्रेक्षा गृह एवं महिलाशरणालय के भूमि का प्रस्ताव प्रेषित किया जाये,जिससे इन समस्याओं का निस्तारण हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल, प्रोबेशन अधिकारी डी सी त्रिपाठी, सी डब्लू सी सदस्या सरोज पाण्डेय सहित विभिन्न एनजीओ के सदस्य उपस्थित रहे।

# एसबीआई बैंक तमकुही राज से एटीएम कार्ड छिनैती कर भाग रहे उच्चको ,को लोगों ने दौड़ाकर पकड़ा

**– पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस चौकी तमकुही राज को प्रार्थना पत्र देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की**

अमित रेखा – कृष्णा यादव

तहसील प्रतिनिधि

तमकुही राज – कुशीनगर। मिली जानकारी अनुसार कल एसबीआई बैंक की शाखा तमकुही राज से दोपहर में पुन्नू राय पुत्र अशोक राय ग्राम लता मुरलीधर थाना तरया सुजान निवासी अपने भाई का एटीएम कार्ड लेकर पैसा निकालने के लिए आए थे ।काउंटर पर ही पहुंचे कि पीछे से 3 लड़के उनके पास पहुंचकर एटीएम कार्ड अपने हाथ में लेकर स्कैव करने की बात कह के बैंक से बाहर निकल गए उनके पीछे पीछे पून्नू भी आ गए तब तक तीनो लोग कार्ड लेकर भागने लगे शक होने पर हल्ला मचाये शोर सुनकर आसपास बगल में खड़े लोग दौड़ाकर तीनों को पकड़ लिया पुलिस के हवाले कर दिया पुन्नू राय से पुलिस ने एक प्रार्थना पत्र लिखवा कर आवश्यक कार्वाई में जुट गई। बताते चले कि इस बैंक पर पूर्व में मिली जानकारी के अनुसार इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं औरतों के हाथों पैसा निकालने के बाद कागज की गड्डी थमा कर पैसा छीनने का काम किया है पहले बैंक पर पुलिस की ड्यूटी लगाई जाती थी तथा समय–समय पर चेकिंग अभियान भी चला करता था लेकिन बरसात में यह कार्य बंद हो गया एक होमगार्ड केवल बैंक पर रहता है तमकुही राज में स्थित सभी बैंकों की लगभग हालत यही है कि बैंक होमगार्ड जवान के भरोसे है छिनौती यहां के लिए नई बात नहीं है एसबीआई हो या सीबीआई सभी बैंकों पर पूर्व में पैसा छीनने का कार्य हुआ है जिस पर पुलिस कार्रवाई संदिग्ध है। परंतु जो लोग भाग गए पैसा लेकर उनका पता भी नहीं लगा पाई किसी का पैसा सुरक्षित उसके हाथों में नहीं मिलेगा। बैंकों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम की कार्रवाई आवश्यक है।

# नदी की तेज से धराएं गावं की ओर अग्रसर, उमड़ा जनसैलाब

**– किसानों ने बाढ़ की पानी से केला, गन्ना की खेती भारी मात्रा में क्षतिग्रस्त होने की जताई आशंका**

अमित रेखा —– दयानन्द चौरसिया

भगवानपुर खड्डा – कुशीनगर। जनपद के खड्डा ब्लॉक अन्तर्गत ग्रामसभा– भगवानपुर जो क्षेत्र के अंतिम उत्तर पूर्वी क्षोर तथा गंडक नदी का तट पर है। यहां के अधिकांश ग्रामीणों का जीवन यापन खेती पर ही निर्भर है। और पूरे साल दिन रात खेतों में मेहनत कर फसल ऊपजाते है जिससे उनका जीवनयापन चलता है। पिछले साल भी लगातार बारिश और नदी की बाढ़ की पानी से किसानों के कई लाखों रुपए का फसल नुकसान हुआ था। जिससे ग्रामीणों का जीवन दशा डगमगा गया था। किसी तरह से अपने आप को संभालते हुए पुनः इस साल नयी उम्मीदों के साथ केला तथा गन्ना की खेती लगाई है और धान की रोपाई शुरू होनी है। लेकिन इस बार भी बारिश के साथ ही मौसम विभाग अनुसार बुधवार को बैराज से छूटे 3 लाख 72 हजार 800 पानी नदी में सैलाब लेकर उमड़ा हैं और सभी फसलों को डुबोते हुए गांव की ओर रुख ले लिया है। जिससे ग्रामीणों को घरो के समान तथा पशुओं को लेकर भयभीत हो गए हैं। और अपने अपने समान तथा पशुओं को ऊचाई जगहों (बांध) पर रखना शुरू कर दिया है। सरकार मुआवजों की बात तो करती है लेकिन किसानों तक आते आते ना मात्र के हो जाते है तो कभी कभी उससे भी बंचित होना पड़ता है। देखना यह है कि इस बार सरकार किसानों तथा बाढ़ पीड़ितो के लिए क्या कदम उठाती है।

# बाल्मीकि नगर बैराज से छोड़ा गया 3 लाख 72 हजार 800 क्यूसेक पानी

**– तटबंध ऊपर दबाव बढ़ने का खतरा**

**– 48 घंटे तक ज्यादातर हिस्सों में बारिश के संभावना**

अमित रेखा – कृष्णा यादव

तहसील प्रतिनिधि

तमकुही राज – कुशीनगर। मौसम विज्ञान केंद्र की सूचना के अनुसार नेपाल में लगातार हो रही बारिश के कारण बाल्मीकि नगर बैराज से 3 लाख 72 हजार 800 क्यूसेक पानी बुधवार को छोड़ा गया है जिससे उत्तर प्रदेश सहित बिहार प्रदेश के तटबंध ऊपर दबाव बढ़ने की काफी संभावनाएं व्यक्त की गई हैं साथी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सचेत भी कर दिया गया है 3 दिनों से लगातार मूसलाधार पानी बरसने के कारण रास्तों पर चलना कठिन हो गया है कच्चे मकानों की गिरने की संभावना है बरसात में पशुपालकों की काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है वही दुकानदार भी पशुओं का दाना मुंह मांगे दामों पर बेच रहे हैं बारिश खुलने का नाम नहीं ले रही है लगातार बारिश के कारण नेशनल हाईवे जी प्रभावित होने की संभावनाएं हैं नेपाल का पानी बिहार होते हुए यूपी के तट बंधुओं से भी टकरा रहा है जिससे अमावाँ, पिपराघाट तटबंध ऊपर काफी दबाव बना हुआ है अगल बगल के लोग भयभीत हैं पानी से बहुत बुरा हाल है घरों के अंदर भी भारी वर्षा के कारण पानी घुस गया है।

# अंतर्जनपदीय बाइक लिफ्टर गैंग के तिन अभियुक्त गिरफ्तार17 मोटरसाइकिल बरामद

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जनपद की कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने बाइक लिफ्टिंग गैंग का खुलासा करते हुए चोरी की 17 बाइक को बरामद किया है। ये सभी बाइक महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और कुशीनगर जनपद से चोरी की गई है। पुलिस ने गैंग के तीन सदस्यो को गिरफ्तार किया है जिसमे से एक आरोपी नाबालिग है। नाबालिग आरोपी नजरें आलम पहले भीड़ भाड़ में खड़ी गाडियो की रेकी करता था।

# कोविड सम्बन्धी नियमित समीक्षा बैठक

**– विकास भवन स्थित समेकित कोविड कमांड केन्द्र में आयोजित**

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम ने की।बैठक में कोविड संक्रमण से बचाव हेतु सभी उपायों की चर्चा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बैठक में अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आशाध्आंगनबाडी कार्यकत्रियों के द्वारा अनिवार्य रूप से दवा वितरण तथा सर्वे हेतु निरंतर ग्राम में डोर टू डोर भ्रमण किया जाए तथा आवश्यक जानकारी इकठ्ठी की जाए। इस सन्दर्भ में ग्राम प्रधान से भी समन्वय स्थापित किया जाए। बैठक मे जिलाधिकारी ने निगरानी समितियों को भी सक्रिय रूप से कार्य करने हेतु निर्देशित किया तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को सभी ग्राम पंचायतों में फॉगिंग, सेनेटाइजेशन, एंटी लार्वा छिड़काव इत्यादि के सन्दर्भ में निर्देश दिया। शहरी क्षेत्रों तथा कन्टेमेंट क्षेत्रों में भी सेनेटाइजेशन व फॉगिंग हेतु आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से ऑक्सीजन प्लांट तथा पाइपलाइन की प्रगति की रिपोर्ट ली गई।उक्त बैठक में जिलाधिकारी ने लगातार बारिश की स्थिति को देखते हुए तटबंधों पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अनिवार्य रूप से संवेदनशील क्षेत्रों मे पेट्रोलिंग किये जाने हेतु भी निर्देशित किया । कल कोरोना से एक व्यक्ति की मृत्यु के संबंध में उन्होने सम्बन्धित डॉक्टर को निर्देश दिया कि निगरानी समिति से संवाद स्थापित कर कोविड मृत्यु से सम्बन्धित पूरी रिपोर्ट ली जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विन्ध्यवासिनी राय, अपर पुलिस अधीक्षक ए0पी0 सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी नरेन्द्र गुप्ता समेत सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।




# एस.पी. दक्षिणी के आदेश पर लाश पंचनामा कर भेजा गया पोस्टमार्टम

अमित रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। खजनी थाना क्षेत्र के निवासी ग्राम डोहरिया प्राणनाथ भरत प्रसाद इलेक्ट्रीशियन उम्र लगभग पचास साल 25 मई को शादी समारोह से वापस हो रहे थे रास्ते में हरनहीं चौकी अंतर्गत परसिया गांव के पास पहुंचे अपने किसी परिचित से गाड़ी खड़ी करके सड़क के किनारे बात कर रहे थे तेज गति से आती हुई स्विफ्ट डिजायर ठोकर मार दिया बुरी तरह से घायल हो गए अगल–बगल को उन्होंने इन को अस्पताल भिजवाया 2 दिन पहले यह अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर आ गए थे कल 14 जून को आज बीती रात तबीयत खराब हुई इनकी मौत हो गई उनका आवेदन तो पडा था लेकिन मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया था आज परिजनों ने जब गुहार लगाई ए एसपी दक्षिणी ने बांसगांव थाने के प्रभारी को आदेश दिया चौकी इंचार्ज हरनही आज सुबह लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेज दिया गया है आज ही मुक्दमा भी पंजिकृत किया गया।

# विधायक के पतोहू को वोट न देने पर बीडीसी सदस्य के भाई को घर से जबरजस्ती उठाया

अमित रेखा सत्य प्रकाश यादव

गोरखपुर। उरुवा ब्लाक प्रमुख को लेकर चुनावी राजनीति अब तेज हो गई जहां योगी सरकार गुण्डा राज खत्म करने का प्रयास कर रही है वहीं खजनी विधानसभा क्षेत्र से ठश्रच के विधायक संतप्रसाद बेलदार ने अपने पतोहू शांति देवी पत्नी स्व0 श्यामनारायण को उरुवा ब्लाक प्रमुख पद के उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारे है शांति देवी को जीतने के लिए पूरा प्रयास कर रहे हैं वीडीसी सदस्य के भाई संदीप कुमार ग्राम तडवा बहलिम थाना उरुवा बाजार जिला गोरखपुर निवासी हैं इनका कहना है कि मुझे विधायक संतप्रसाद के लोग जिसका नाम विकास पाठक, उरुवा के मण्डल अध्यक्ष अमित चंद पाण्डेय और उनके लोगों ने मुझे जबरदस्ती घर से उठा कर गाड़ी में बैठा लिया और उरुवा थाने लाए और मुझे धमकी देने लगे कहे कि जब तुम्हारा भाई आएगा तभी तुमको जाने देंगे यह देखकर पीड़ित कि मां ने लिखित शिकायत उरुवा थानाध्यक्ष को दिया है पीड़ित संदीप कुमार और पीड़ित कि मां का वीडियो वायरल हो रही है।

# शादी समारोह में दुल्हन के चचेरे भाई को गोली मारकर हत्या

अमित रेखा प्रताप गढ ब्यूरो। थाना रानीगंज के गांव सराय शेर खा( लोहार तारा )में बीती रात शादी थी जिसमे बारात आई और द्वार पूजा के दौरान पीछे से गांव का एक युवक दुल्हन के चचेरे भाई को गोली मार दी आनन–फानन में उन्हें सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गोली चलने की सूचना पर रानीगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शांति व्यवस्था बनाए रही शव का पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। थाना रानीगंज के गांव सराय शेर खा मजरे पुरवा लोहार तारा निवासी निगम सिंह बेटी की शादी मंगलवार को थी द्वार पूजा के दौरान रात लगभग 10:30 बजे बाराती फिल्मी गानों पर डांस कर रहे थे इसी दौरान आतिशबाजी भी हो रही थी आरोप है कि बराती के स्वागत में जुटे कोटेदार के भतीजे प्रेम सिंह 38 को गांव का ही एक युवक ने गोली मार दी खून से लथपथ होकर गिर पड़ा आनन–फानन में उन्हें चिकित्सालय ले जाया गया जहां डाक्टरो ने मृतक घोषित कर दिया सूचना पर रानीगंज पुलिस पहुंची शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा इधर निगम सिंह की तहरीर पर पुलिस ने 2 लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया इधर परिजनों में कोहराम मच गया।

# कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में एसडीएम को 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**– कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत से जुड़े गांवो में विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाया**



अमिटरेखा – कृष्णा यादव
तहसील प्रतिनिधि

तमकुही राज – कुशीनगर। बुधवार के दिन कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत तमकुही राज क्षेत्र में जनहित की समस्याओं को लेकर तमकुही राज तहसील मुख्यालय पर उप जिलाधिकारी तमकुही राज ए आर फारुकी को 11 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत से जुड़े गांव में विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाया भटवालिया नंबर 1 में मेन सड़क से असगर अंसारी के घर तक सीसी रोड हरिहरपुर में सतन यादव के घर से वकील अहमद के खेत तक इंटरलॉकिंग हरिहरपुर में छब्28 से सटे राजेंद्र पासवान के घर से घर भरन भारती के घर तक जलजमाव होने के कारण जल निकासी का प्रबंध कराने हरिहरपुर में राधा पटेल के घर के समीप स्थित नाले पर स्लैप डालने हरिहरपुर मे ब्रह्म स्थान का सुंदरीकरण बाउंड्री वाल कराने भटौलिया नंबर 2 में मस्जिद केपास नाली का निर्माण कराने पुलिया की सफाई नहीं होने कारण भारी जलजमाव होने के कारण सड़क का जिणोर्द्वार तथा पुलिया की सफाई कराने का तमकुही राज में पटेल नगर में बारिश के कारण पानी का जलजमाव बाढ़ की स्थिति का रूप ले रहा है जिससे नाले की सफाई कराने खानसामा टोला में स्थित पोखरे की सफाई कराने जल निकासी को लेकर वैकल्पिक मार्गों पर मरम्त सुनिश्चित कराने पटेल नगर में सड़कों के बीच पानी का पाइप लाइन बिछाने के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों का जिर्ण द्वार कराने तमकुही चौराहे पर बड़े नाले के ऊपर तथा ओवर ब्रिज के नीचे क्षतिग्रस्त सड़क का मरम्मत सुनिश्चित करें तमकुही के बन शक्ति माई टोला क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण कराने तथा जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करानेछ की मां की है इस मौके पर अशोक सिंह पटेल राजू सिंह पटेल अमित सिंह सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने अमवा खास तथा लक्ष्मीपुर तटबंध का किया निरीक्षण

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। लगातार बारिश के मद्देनजर नारायणी नदी जलस्तर में वृद्धि के कारण बाढ़ की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी ने तटबंधों की वर्तमान स्थिति का जायजा भौतिक रूप से वहां उपस्थित रहकर लिया।



इस क्रम में जिलाधिकारी ने आज अमवा खास तटबंध के 0.800 किलोमीटर पर बने हुए स्पर का भी निरीक्षण किया। वहां मौजूद अधिकारियों से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण कार्यो के स्टोर स्थल के बारे में भी पूछा। बंधे पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए लगाए हुए बोरी ऐवं बोल्डर को भी भौतिक रूप से उपस्थित होकर उन्होंने देखा। इस क्रम में संबंधित अधिकारियों से कटान के संबंध में भी उन्होंने जानकारी ली इसके साथ ही उन्होंने बाढ़ से बचाव के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। डीएम ने बाढ़ खंड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थानों पर विशेष रूप से नजर रखें। इसके साथ ही उन्होंने बंधों के रख रखाव व तैयारियों के बारे में जानकारी ली। कहा कि बारिश शुरू हो गई है, ऐसे में सतर्कता बरतने की जरूरत है। बाढ़ से बचाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उसके बाद डीएम सीधे लक्ष्मीपुर बांध पर पहुचे जहाँ किमी 8.6 से किमी 0.9 तक डेंजर पॉइंट है जहाँ नदी का काफी दबाव है डीएम ने अधिकारियो को सख्त हिदायत देते हुए हर पॉइंट पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया इस दौरान उप जिलाधिकारी तमकुही राज ए0 आर0 फारुखी, अधिशासी अभियंता बाढ़ महेश कुमार सिंह, जेई बीपी सिंह, एसओ सुरेशचन्द्र राव आदि लोग उपस्थित थे।

# आमने-सामने भिड़ी बाइक एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

अमिट रेखा – सुगन्ध गुप्ता

बनकटा बाजार – कुशीनगर। जनपद के पटहेरवा थाना क्षेत्र के बनकटा बाजार के पास दो बाइकों के आमने सामने टक्कर



में एक बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बिहार के गोपालगंज जनपद के थाना गोपालपुर के लोहटी राजापुर निवासी निरंजन कुमार पुत्र कमलदेव राम उम्र 21 बर्ष किसी काम से बनकटा बाजार आये थे दिन के बारह बजे वापस अपने घर लौट रहे थे कि बनकटा बाजार से दो मीटर पूरब बिहार के गोपालगंज जिले के कटेया थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी विश्वामित्र यादव उम्र 24 बर्ष जो बाइक से बनकटा बाजार के तरफ आ रहे थे से आमने सामने टक्कर हो गयी। इस घटना में निरंजन कुमार बाइक से सड़क पर गिर गये जिससे उनको सिर में काफी चोट आने से मौके पर ही उसकी मौत गयी जबकि विश्वामित्र भी गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दिया पुलिस के पहुचने के बाद दोनो की पहचान उनके पाकेट में मिले आधार कार्ड से हुआ। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष पटहेरवा सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मृतक युवक के घरवालों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है जबकि घायल युवक को फाजिलनगर सीएचसी पहुचाया गया है उसके भी परिजनों को सूचना देते हुए दोनों बाइको को कब्जे में लिया गया है।

# किसानों की आमदनी मार्च 2022 में दुगुनी करने का लक्ष्य निर्धारित

**- इसके लिए जनपद समन्वयक/समस्त बैंको के नियंत्रक प्राथमिकता के आधार पर किसानों से सम्बन्धित समस्त ऋण योजनाओं को त्वरित गति प्रदान करना करे सुनिश्चित**

**- प्रत्येक शाखा किसानों के ऋण पत्रावलियों की स्वीकृति हेतु प्रत्येक सप्ताह के बुधवार और गुरूवार को विशेष कैम्प का आयोजन करें सुनिश्चित-डीएम**



अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने बताया है कि केन्द्र सरकार ने किसानों की आमदनी मार्च 2022 में दुगुनी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के सम्बन्ध में समस्त बैंक जनपद समन्वयक ६ समस्त बैंको के नियंत्रक को निर्देशित किया है कि वे इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्राथमिकता के आधार पर किसानों से सम्बन्धित समस्त ऋण योजनाओं को त्वरित गति प्रदान करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बताया है कि जनपद स्थित समस्त शाखाओं को किसानों के ऋण पत्रावलियों, किसान क्रेडिट कार्ड, फसली ऋण, मत्स्य पालकों एवं पशुपालकों के लिए उपलब्ध है, के शीघ्र निष्पादन हेतु विशेष अभियान प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि प्रत्येक शाखा किसानों के ऋण पत्रावलियों की स्वीकृति हेतु प्रत्येक सप्ताह के बुधवार और गुरूवार को विशेष कैम्प का आयोजन सुनिश्चित करें, इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार भी किया जाय।

# नग्न अवस्था मे मिली 3 वर्षिय बच्ची- माता पिता की खोजबीन जारी:एस.ओ

अमिटरेखा नन्हे तिवारी

बघौचघाट देवारिया। जनपद देवरिया ब्लाक पथरदेवा थाना



बघौचघाट क्षेत्र के ग्राम सभा सखिनी मे आज 16 जून को एक 3 वर्षीय बच्ची नग्न अवस्था मे रोती नजर आई। बाबा चन्द्रनाथ मंदिर के समीप बच्ची को रोता देख ग्राम सखिनी निवासी ओमप्रकाश यादव ने उसे वस्त्र पहनाकर भोजन कराया , छोटी बच्ची से नाम पता पूछे जाने पर कोई जबाब नही मिल पाया तो एस.ओ. बघौचघाट नरेन्द्र प्रताप राय को सूचना दी गई , सूचना पाकर पुलिस आई और मंदिर के नजदीक रहने वाले आटा चक्की ( मशीन ) चालक रामजनक को सुपुर्द करके चली गयी, बच्ची की रख रखाव एवं ध्यान देने की बात रामजनक से कही गई , बच्ची के माता पिता की खोजबीन पुलिस के द्वारा की जा रही है। तब तक बच्ची की देख– रेख रामजनक कर रहे है।

# दुदही बीआरसी पर हुआ नवागत खंड शिक्षा अधिकारी अजय तिवारी का भव्य स्वागत

अमिट रेखा – राकेश कुमार वर्मा

दुदही – कुशीनगर। जनपद के विकाश खण्ड दुदही बीआरसी पर नवागत खंड शिक्षा अधिकारी अजय तिवारी का भव्य स्वागत



प्राथमिक शिक्षक संघ एवं जूनियर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। जिसमें प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरूणेन्द्र कुमार राय ,मंत्री रामनिवास जयसवाल ,पूर्व जिला मंत्री अभिमन्यु प्रसाद, प्रणव प्रकाश गिरी, शिव शंकर तिवारी, बांके बिहारी लाल, अशोक यादव इत्यादि लोगों के द्वारा स्वागत किया गया और श्री खंड शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा शिक्षक संकुल एवं ए. आर. पी. की मीटिंग ली गई। तथा कायाकल्प की सूचना मांगी गई एव शैक्षिक गतिविधि मध्याह्न भोजन स्कूलों की जियो टैगिंग एवं मिशन प्रेरणा पर चर्चा हुई।

# हतवा गांव का ट्रांसफार्मर जलने से हतवा गांव अंधेरे में डुबा





अमिट रेखा दिनेश गुप्ता
तहसील प्रभारी

देवरिया। दिन मंगलवार को हतवा गांव का ट्रांसफार्मर फुंक गया है और इस बारिश के मौसम में लोग बेहाल हैं।लोग अंधेरे में हैं और लॉगिन की टँकी का पानी खत्म हो चुका है तथा मोबाइल डिस्चार्ज हो चुका है।इसके अलावा पूरी तरह बिजली पर निर्भर हो चुका जीवन अंधेरे में है न किसी के पास लालटेन है न अन्य साधन क्योंकि इन्वर्टर की बैटरी भी जवाब दे चुकी है।अब देखना यह है कि सरकार का फरमान है कि 48 घण्टे में ट्रांसफार्मर बदल जायेगा पर कितना अमल होता है।

# तमकुही राज ब्लाक बीआरसी कार्यालय पर

**– नवागत खंड शिक्षा अधिकारी अंकिता सिंह ने ग्रहण किया कार्यभार**

**– पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी अजय तिवारी की इसी दिन की गई विदाई**

अमिटरेखा – कृष्णा यादव
तहसील प्रतिनिधि

तमकुही राज – कुशीनगर। जनपद के तमकुही राज तहसील क्षेत्र के ब्लॉक संसाधन केंद्र तमकुही राज कार्यालय पर नवागत



खंड शिक्षा अधिकारी अंकिता सिंह ने पहुंचकर मंगलवार के दिन उपस्थित अध्यापक गण के बीच अपना कार्यभार ग्रहण किया इस अवसर पर पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी अजय तिवारी ने कार्यभार ग्रहण कराया जिसके उपरांत उपस्थित अध्यापक गण ने श्री तिवारी का स्वागत तथा विदाई माल्यार्पण करके किया नवागत अधिकारी अंकिता सिंह ने इस अवसर पर अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन , प्रशासन के आदेशों का सत प्रतिशत पालन करते हुए प्रत्येक अध्यापक की समस्याओं का समाधान किया जाएगा, सभी अध्यापक समय से हर काम को पूरा कर ले जो भी दायित्व उन को सौंपी गई है उसका निर्वाहन चरणबद्ध तरीके से समय के अंदर होना चाहिए। इस अवसर पर अमरनाथ यादव शंभू यादव रामप्रकाश मौर्य अंजनी सिंह कृपा शंकर चौधरी अनिल सिंह नारायण प्रसाद अजय सिंह मुझे शुक्ला सत्यपाल हरिहर प्रसाद हरिशंकर प्रसाद बृजमोहन शर्मा वीरेंद्र कुशवाहा बबलू जायसवाल अजय गढ़ आदि अध्यापक गण उपस्थित रहे।

# विकास भवन स्थित समेकित कोविड कमांड केन्द्र में नियमित कोविड समीक्षा की बैठक

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम ने की। उक्त बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में



सेनेटाइजेशन, फॉगिंग इत्यादि की रिपोर्ट जिला पंचायत राज अधिकारी से लिया तथा इस सन्दर्भ में गम्भीरता से कार्य करने का निर्देश दिया। मुसहर बस्तियों में मास्क एवं सेनेटाइजर के वितरण किए जाने हेतु भी उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया तथा मास्क एवं सेनेटाइजर से सम्बन्धित नोडल अधिकारी को भी आवश्यक निर्देश दिए टीकाकरण केन्द्रो में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा इस सन्दर्भ मे आश्यक कदम उठाए जाने हेतु निर्देशित किया। सचल दल के एम्बुलेंस के सन्दर्भ में भी पूछताछ की तथा बची हुई गाड़ियों के सक्रिय करने हेतु भी आश्यक निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से जेनरेटर के सन्दर्भ में रिपोर्ट लिया। बैठक में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए तटबंधों के सन्दर्भ में भी चर्चा हुई तथा नावों की स्थिति के बारे में जिलाधिकारी ने पूछताछ की एवं निःशुल्क राशन वितरण सम्बन्धित चर्चा भी हुई इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विन्ध्यवासिनी राय, अपर पुलिस अधीक्षक ए0पी0 सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी नरेन्द्र गुप्ता समेत सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार ने कोरोना संक्रमण के बावजूद

**– 12.65 लाख से अधिक किसानों का गेहूँ खरीदकर, उनकी उपज का दिया वाजिब मूल्य**

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ध्येय रहा कि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में प्रदेशवासियों का जीवन भी सुरक्षित रहे और उनकी जीविका भी चलती रहे। इसी लिए प्रदेश में आंशिक कोरोना कर्फ्यू लगाकर प्रदेशवासियों को राहत दी गई। प्रदेश में आज कोरोना संक्रमण नियन्त्रण में है जिसमें सभी का सहयोग एवं प्रदेश सरकार का सतत् प्रयास सराहनीय रहा। प्रदेश के किसानों की रबी फसल का गेहूँ क्रय करते हुए किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य देना सरकार के समक्ष चुनौती रही, किन्तु सरकार ने कोरोना संक्रमण के बचाव हेतु मास्क लगाकर, सेनेटाइजर का प्रयोग कराकर, दूरी बनाकर, साबून से हाथ धुलने आदि प्रोटोकाल का अनुपालन कराते हुए प्रदेश में खुले 5678 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर किसानों के हित में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत निर्धारित 1975 रूपये प्रति कुन्तल की दर से किसानों का गेहूँ खरीदना शुरू किया।प्रदेश सरकार की नीति है कि प्रदेश का किसान खुशहाल रहे, और उसकी उत्पादित फसल का वाजिब मूल्य मिले। जिससे किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत हो और उसका विकास हो । प्रदेश में किसानों से ही गेहूँ क्रय किया गया है, बिचौलियों, दलालों को पनपने नही दिया गया। प्रदेश में किसानों की सही पहचान के लिए पहली बार ई0पी0ओ0पी0 डिवाइस के माध्यम से किसानों का बायोमैट्रिक प्रमाणित कराते हुए खरीद की जा रही है। सरकार द्वारा गेहूँ खरीदने से किसानों को सीधे लाभ मिल रहा है। प्रदेश सरकार जिन किसानों से गेहूँ खरीद रही है, उसके मूल्य का भुगतान पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खाते में कर रही है। इस पारदर्शी व्यवस्था से किसान का जितना गेहूँ क्रय किया गया है, निर्धारित दर से उसको पूरा मूल्य मिल रहा है।इस वर्ष अभी तक प्रदेश के 1265269 किसानों से 5534135.33 मीट्रिक टन गेहूँ क्रय किया गया है, जो गत वर्ष से काफी अधिक है।

# खड्डा क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुर मे बाघ का आतंक

**– बाघ के काटने से दो लोग घायल**

अमिट रेखा – रमाशंकर सिंह

कुशीनगर। कुशीनगर जनपद के खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुर मे बाघ का आतंक बना हुआ है।







मिली जानकारी के अनुसार 16 जून दिंन बुधवार को सुबह करीब पांच बजे ग्राम पंचायत शिवपुर मे तेदुआ बाघ एक घर मे घुस कर छोटेलाल प्रसाद पुत्र हीरालाल एवं अर्जुन प्रसाद के पत्नी को काट कर घायल कर दिया है।तेदुआ बाघ के आतंक से शिवपुर गांव के लोग काफी भयभीत है कि कब किसको काट कर घायल कर दे। सनद रहे कि खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुर जलमग्न से एक टापू जैसा बन गया है। उल्लेखनीय है कि तेदुआ बाघ के आतंक से ग्राम शिवपुर न केवल परेशान हाल है बल्कि लोग घरो से भी निकलने से सहम से जा रहे हैं।उक्त तेदुआ बाघ ने गांव के कई लोगों को बुरी तरह से जख्मी कर चुका है। हम बात कर रहे हैं ग्राम पंचायत शिवपुर का जहां तेदुआ गांव मे लोगों को परेशान कर रखा है।

# बदमाशों ने तमंचे की नोक पर सर्राफा व्यवसाई से हजारों आभूषण लूटे

अमिट रेखा प्रतापगढ व्यूरो । कोतवाली नगर अन्तर्गत कटरा मेदनीगंज, शिवा पैलेस हॉल पुलिया के पास बदमशो ने सर्राफा व्यवसाई से लूटे हजारो का आभूषण। कोतवाली नगर निवासी जगदीश सोनी पुत्र राम मनोहर सोनी निवासी सोनार मोहल्ला, सिटी थाना कोतवाली नगर जनपद फेरी करके ज्वैलरी बेचने का काम करते हैं बीते मंगलवार की साम जब वह फेरी करके वापस घर जा रहे थे तो कटरा मेदनीगंज, शिवा पैलेस हॉल पुलिया के पास पल्सर मो0सा0 सवार 03 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कट्टे की मुठिया से उन्हे घायल करके उनका बैग छीन लिया जिसमें पायल–बिछिया–कील (कीमत लगभग 25–30 हजार रूपये) थे। घायल होने से वह बेहोश हो गये पुलिस पहुंचकर उन्हें इलाज के लिए जिला काल भेजा मामले की छानबीन में पुलिस जुटी।

# बाइक और साइकल में हुआ आमने सामने से जोरदार टक्कर

**– टक्कर में बाइक सवार एक युवक की हुई मौत,दो गंभीर रूप से घायल।**

अमिट रेखा प्रताप गढ व्यूरो। कान्हा कंधई के विपरीत खालसा गांव में आज दोपहर साइकिल सवार व बाइक सवार ने टक्कर से बाइक सवार की मौत दो घायल घायलों को जिला अस्पताल भेजा। थाना कंधई के पिपरी खालसा गांव के छोटेलाल प्रजापति साइकिल से आ रहे थे इतने में सामने से आ रही बाइक जिसमें अभय सिंह व अंश सिंह निवासी खभोर थाना कंधई बैठे हुए थे टक्कर होने के बाद मौके पर अभय सिंह मौत हो गई छोटेलाल व अंश सिंह गंभीर रूप से घायल को इलाज के जिला अस्पताल भेजा ।पुलिस मृतक अभय सिंह के शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के जिला अस्पताल भेजा मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमिट प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय

सह. सम्पादक- चन्द्रशेखर यादव

प्रदेश प्रभारी- राजू प्रसाद श्रीवास्तव
मो०- 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक- नसरूल्लाह अंसारी
प्रबंधक- निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होगें।